बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

संस्कार उजाला

संस्कार उजाला
www.sanskarujala.com
SANSKAR UJALA
सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार

संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 196 | बुधवार 06 नवंबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

पीएम मोदी ने की कड़ी निंदा

कनाडा में खालिस्तान समर्थकों द्वारा हिंदुओं पर हमले....

जस्टिन ट्रूडो के विरोध में उतरा हिंदु और सिख समुदाय

नई दिल्ली ।

कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के पास खालिस्तान समर्थकों द्वारा हिंदुओं पर हुए हमले ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। घटना के विरोध में विश्वभर में हिंदू संगठनों और संतों ने आवाज उठाई है, जबकि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमले की कड़ी निंदा की है। पीएम मोदी ने कहा, मैं कनाडा में हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने इस हरकत को हमारे राजनयिकों को डराने का कायरतापूर्ण प्रयास करार देकर कहा कि हिंसा के इसतरह के कृत्य भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर सकते है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि कनाडा सरकार न्याय सुनिश्चित कर कानून का शासन बनाए रखेगी। यह पहली बार नहीं है जब मोदी ने इसतरह के हमलों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के समय भी कड़ा गुस्सा जाहिर किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है, और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घटना को बेहद चिंताजनक बताया है। कनाडा में हिंदू समुदाय ने हमले के बाद एकजुटता रैली का आयोजन किया, जिसमें लोगों ने कनाडाई राजनेताओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से अपील की कि वे खालिस्तानी समर्थकों का समर्थन न करें। रैली में शामिल लोगों ने कहा कि कनाडा में हमारी जान है और हिंदुस्तान में हमारी जान बसती है, यह दर्शाते हुए कि हिंदू समुदाय को अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए एकजुट रहना चाहिए।

इस बीच, एक कनाडाई पुलिस अधिकारी को खालिस्तान समर्थकों के विरोध प्रदर्शन में भाग लेने पर निलंबित किया गया है। पूर्व मंत्री उज्जल दोसांझ ने भी प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर आरोप लगाया कि उनके रुख ने खालिस्तानी चरमपंथियों को मजबूत किया है। इससे कनाडा में रहने वाले सिख समुदाय में डर का माहौल बनाया है।

दोसांझ ने बताया ज्यादातर सिख खालिस्तान से कोई सरोकार नहीं रखते, और उन्होंने ट्रूडो की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि कनाडा में कई मंदिरों पर खालिस्तान समर्थकों का नियंत्रण है, और यह स्थिति ट्रूडो की गलतियों का परिणाम है।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939

『सुविचार』



संक्षिप्त समाचार

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या कम करेगी मोदी सरकार.....बन रहा नया प्लान

नई दिल्ली । केंद्र की मोदी सरकार की नजर अब क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों पर है। देश में वर्तमान में 43 ग्रामीण बैंक हैं। मोदी सरकार उनकी संख्या 28 करने की योजना बना रही है। इसके लिए कुछ बैंकों का दूसरे बैंकों में मर्जर करने का प्लान है। इस योजना से इन बैंकों को लागत कम करने और कैपिटल बेस बढ़ाने में मदद मिलेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने इस बारे में एक दस्तावेज तैयार हुआ है। इसमें ग्रामीण बैंकों के मर्जर का प्रस्ताव है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक छोटे किसानों, कृषि मजदूरों और छोटे कारोबारियों को क्रेडिट देते हैं लेकिन उनकी पूंजी और तकनीक तक पर्याप्त पहुंच नहीं है। 31 मार्च, 2024 तक के आंकड़ों के मुताबिक इन सभी ग्रामीण बैंकों के पास कुल 6.6 लाख करोड़ जमा थे जबकि उनका एडवांस 4.7 लाख करोड़ रुपये का था। एक बैंकर ने कहा कि प्रस्तावित मर्जर के बाद एक राज्य में एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रहेगा। संपत्ति के हिसाब से देश में अब भी आधे से अधिक बैंकिंग सेक्टर पर सरकारी बैंकों को कब्जा है। मोदी सरकार ने बैंकों के कामकाज में सुधार करने और कैपिटल के लिए सरकार पर उनकी निर्भरता कम करने के लिए उन्हें कंसोलिडेट करने की कोशिश की है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में केंद्र की 50 फीसदी, स्पॉन्सर या शेड्यूल्ड बैंकों की 35 और राज्य सरकार की 15 फीसदी हिस्सेदारी है। मोदी सरकार ने 2004-05 में बैंकों को कंसोलिडेट करने की प्रोसेस शुरू की थी। 2020-21 तक इनकी संख्या 196 से घटाकर 43 की गई थी।

राहुल गांधी पर मानहानि के केस में फिर टली सुनवाई

सुलतानपुर । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था। परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश के कारण सुनवाई नही हो सकी। 31 अक्टूबर को कोर्ट में अवकाश होने के कारण सुनवाई मंगलवार को होनी थी। परिवादी से शेष जिरह के लिए 23 नवम्बर की तारीख नियत की गई है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा के न्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोऑपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। परिवादी से जिरह की कार्रवाई में मामले की सुनवाई नियत की गई है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस के पैतृक गांव में उनकी जीत के लिए हुई विशेष पूजा



चेन्नई । अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पैतृक गांव तिरुवनंतपुरम जिले के थुलसेंद्रपुरम में श्री धर्मस्थ मंदिर में उनके राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया। श्री धर्मस्थ मंदिर कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन का पैतृक मंदिर है। कमला के दादा पी.सी. गोपालन ने मंदिर के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मंदिर के बोर्ड पर दिखाया गया है कि कमला ने मंदिर को 5,000 रुपए का दान दिया, जो उनकी मौसी सरला ने उनकी ओर से किया। ग्रामीणों ने बताया कि पूरा गांव कमला के लिए प्रार्थना कर रहा है। उनके लिए कई पूजा आयोजित हुई हैं। उन्होंने कमला की सफलता के लिए गर्व महसूस कर कहा कि वह एक ऐसी महिला हैं जो वैश्विक मामलों को प्रभावित करने वाले पद के लिए लड़ रही हैं। गांव के लोग कमला की जीत के लिए उत्साहित हैं और यदि वह जीतती हैं, तो अन्नदानम (मुफ्त भोजन वितरण) के साथ जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं। डीएमके पार्षद अरुलमोझी और उनके पति टी सुथाकर ने चंदन, हल्दी और अन्य पवित्र वस्तुओं के साथ एक विशेष अभिषेक किया है, और मंदिर में पीठासीन देवता की पूजा की है।

न्यायपालिका की आजादी का मतलब हमेशा सरकार के खिलाफ फैसला देना नहीं: सीजेआई

चंद्रचूड़ ने लोगों से की न्यायधीशों के फैसलों पर विश्वास रखने की अपील

नई दिल्ली ।

न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि हमेशा सरकार के खिलाफ ही फैसले दिए जाएं। न्यायिक व्यवस्था का निष्पक्ष रहना बहुत जरूरी है। यह बात दिल्ली के एक कार्यक्रम में मुख्य न्यायधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कही। सीजेआई ने लोगों से न्यायधीशों के फैसलों पर विश्वास रखने की अपील की।

सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, मैंने जब इलेक्टोरल बॉन्ड के मामले में केंद्र सरकार के खिलाफ फैसला दिया तो उसे निष्पक्ष माना गया था। यानी जब आप इलेक्टोरल बॉन्ड्स के मामले में फैसला देते हैं तो पूरी तरह आजाद होते हैं, अगर कोई फैसला सरकार के पक्ष में चला जाए तो फिर आप आजाद नहीं रहते। मुझे लगता है कि स्वतंत्रता की यह परिभाषा नहीं होनी चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी 2024 को इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार दिया था। साथ ही इसे बंद करने का आदेश दिया था। इस योजना के तहत राजनीतिक पार्टियों को फंडिंग मिलने का प्रावधान था। सीजेआई ने प्रधानमंत्री के उनके आवास पर आने के बारे में कहा, प्रधानमंत्री गणपति पूजा के लिए मेरे घर आए।

इसमें कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि सामाजिक स्तर पर न्यायपालिका और कार्यपालिका से जुड़े व्यक्तियों के बीच निरंतर बैठकें होती हैं। अयोध्या राम मंदिर विवाद के समाधान के लिए भगवान से प्रार्थना करने संबंधी सीजेआई के बयान पर काफी हंगामा हुआ था। उन्होंने खुद को सभी धर्मों का सम्मान करने वाला आस्थावान व्यक्ति बताया। सीजेआई ने कहा, यह सोशल मीडिया की समस्या है। आपको उस पृष्ठभूमि के बारे में भी बताना चाहिए, जिसके तहत मैंने वह बात कही थी।

उन्होंने कहा था कि उन्होंने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद में समाधान के लिए भगवान से प्रार्थना की थी। चंद्रचूड़ ने कहा था कि अगर किसी के अंदर आस्था हो तो भगवान रास्ता निकाल देगा।

25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा शीतकालीन सत्र

नई दिल्ली ।

18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर संयुक्त सेशन आयोजित होगा। ये सेशन पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया जाएगा। संविधान दिवस का कार्यक्रम का आयोजन संविधान की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर 2024 तक चलेगा। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति महोदय ने भारत सरकार की संस्तुति पर संसद के दोनों सदनों को शीतकालीन सत्र 2024 के लिए 25 नवंबर से 20 दिसंबर, 2024 तक (संसदीय कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन) बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 26 नवंबर, 2024 (संविधान दिवस) को संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम मनाया जाएगा।

बेंगलुरु की सड़कों पर लगाए औरंगजेब के पोस्टर

सांप्रदायिक तनाव के बीच पुलिस ने तत्काल की कार्रवाई

बेंगलुरु ।

मंगलवार को बेंगलुरु में कुछ शरारती तत्वों ने सांप्रदायिक तनाव को हवा दे दी। यहां सड़क पर क्रूर मुगल शासक औरंगजेब के पोस्टर- बैनर लगा दिए गए। पोस्टर में औरंगजेब की तस्वीर के साथ लिखा था- अखंड भारत का असली संस्थापक। बेलगावी में लगे इन पोस्टर्स की वजह से इलाके में सांप्रदायिक तनाव फैल गया। स्थानीय विरोध के बीच पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बैनर को हटा दिया है। बेलगावी के शाहूनगर इलाके में उपद्रवियों द्वारा औरंगजेब के पोस्टर लगाए जाने के बाद तनाव फैल गया। इससे लोगों में आक्रोश है। स्थानीय निवासियों ने बैनर को उकसाने की कोशिश के रूप में देखते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पोस्टर में औरंगजेब की तस्वीर के साथ उसे सुल्तान-ए-हिंद फाउंडर ऑफ अखंड भारत बताया गया है। डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर, बेलगावी ने कहा, 3 नवंबर को औरंगजेब का जन्मदिन था।

कुछ लोगों ने बिना अनुमति के सार्वजनिक संपत्ति पर उसके पोस्टर लगा दिए। कॉर्पोरेशन ने उन्हें हटा दिया है। हमने एक पुलिस रिपोर्ट दर्ज की है और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी एक कैंपेन चलाया जा रहा है और स्थिति नियंत्रण में है।

पुलिस ने बढ़ाई इलाके में सुरक्षा

फिलहाल पुलिस ने पोस्टर को हटा दिया है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि बाद में दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट शेयर करते हुए सवाल उठाया कि औरंगजेब का पोस्टर क्यों हटा दिया गया, जबकि वीर सावरकर का पोस्टर लगा रहा। उन्होंने धमकी दी कि वे अपने पोस्टर का हटाया जाना बर्दाश्त नहीं करेंगे। अधिकारियों पर अब ऑनलाइन भड़काऊ बयान देने वालों और सोशल मीडिया पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव है।

केंद्र संपत्ति के वितरण पर कानून बनाए.....सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

नई दिल्ली ।

सुप्रीम कोर्ट ने निजी संपत्ति को संरक्षण देने वाले एक अहम फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केंद्र सरकार संपत्ति के वितरण पर कानून बना सकती है, लेकिन इसके लिए सरकार को हर निजी संपत्ति के अधिग्रहण की इजाजत नहीं मिल सकती है।

निजी संपत्ति को संरक्षण देने वाले एक अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यह बात कही है। प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन बनाम महाराष्ट्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के साथ 31(सी) की भी व्याख्या की है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, संविधान के अनुच्छेद 31(सी) में 1976 में 42वें संशोधन के द्वारा बदलाव किया गया था। इसके जरिए नीति निदेशक तत्वों के आधार पर बने सभी कानूनों को संरक्षित कर दिया गया था। जबकि सुप्रीम कोर्ट का 1972 का ऐतिहासिक केशवानंद भारती फैसला इस संपत्ति से जुड़े नीति निदेशक तत्वों तक सीमित करता था। संपत्ति के वितरण से जुड़े यह नीति निदेशक सिद्धांत अनुच्छेद 39(बी) और 39(सी) में दिए गए हैं।

1980 में सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने मिनर्वा मिल्स बनाम भारत सरकार फैसले में 42वें संविधान संशोधन के द्वारा अनुच्छेद 31(सी) में हुए बदलाव को रद्द किया था। सुप्रीम कोर्ट के सामने यह सवाल था कि क्या मिनर्वा मिल्स फैसले के बाद अनुच्छेद 31(सी) को लेकर केशवानंद भारती फैसले में दी गई व्यवस्था बरकरार हो गई थी? 9 जजों की बेंच ने इस पर सहमति जताई है। इसका मतलब यह हुआ कि संपत्ति के वितरण को लेकर सरकार के बनाए कानून को संवैधानिक संरक्षण रहेगा।

कोई ट्रेन में चारपाई लगा रहा, कोई टायलेट में बिस्तर लगाकर पड़ा

छठ में घर जाने को बेताब लोगों की दर्दनाक तस्वीरें और वीडियो हुए वायरल

नई दिल्ली ।

भारतीय रेल हमेशा से ही देश में परिवहन का सस्ता और तेज साधन है। इसी कारण दिवाली और छठ जैसे बड़े त्यौहारों पर घर जाने के लिए ट्रेनों में लोगों का तांता लग जाता है। सैकड़ों की वेटिंग और जनरल कोच में भेड़ बकरियों की तरह ठूंस-ठूंसकर बैठे हुए लोग दिखाई देते है। हर साल अमूमन यही हाल होता है, लेकिन इस बार हालात काफी खराब दिख रहे हैं। आज हम आपको सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कुछ वीडियो और तस्वीरें दिखाएंगे, जिन्हें देखकर आपको घुटन होने लगेगी। कोई कोच में चारपाई लगा रहा है, तब कोई ट्रेन के टॉयलेट में बिस्तर लगाए पड़ा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो लोगों के त्यौहार पर घर जाने की मजबूरी और ट्रेन में भरी भीड़ का एक कड़वा उदाहरण है। वायरल वीडियो में देख सकते हैं कि एक शख्स कैसे जनरल कोच में रस्सी बांध कर चारपाई तैयार करता दिख रहा है, ताकी वहां कम से कम थोड़े सुकून से बगैर खड़े होकर हजारों किलोमीटर का सफर तय कर सके।

इस पोस्ट को देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। इस शख्स को यूं ट्रेन की टॉयलेट वाली सीट पर सोता देख आप भी हैरान हो जाएंगे। लोगों ने रेलवे को ताना देकर कहा कि सीट सीट होती है, टॉयलेट की हो या फिर बैठने की। रेलवे की ज्यादातर टॉयलेट सीट मल त्याग के लिए बैठने लायक भी नहीं होती है, उस सीट पर ये देश का नौजवान सोए पड़ा है, और मजबूरी ये है कि दिवाली अपने घर वालों के साथ मनानी है।

इस वीडियो में ट्रेन के टॉयलेट में कई सारे लोग भेड़ बकरी की तरह भरे हुए हैं, उनका कहना है कि भीड़ इतनी ज्यादा है कि 13 घंटे से खड़े हैं और अभी तक न टॉयलेट गए हैं और न ही पानी पिया है। एक शख्स रोहतक से 13 घंटे से खड़ा होकर यात्रा कर रहा है और शख्स को किशनगंज पहुंचना है।

इस वीडियो में लोग ट्रेन के

अंदर किसी दड़बे में रह रहे पक्षियों की तरह भरे हुए हैं। लोगों का कहना है कि भारतीय रेल का इससे बुरा दौर हमने आजतक नहीं देखा है। हैरान कर देने वाली बात तो ये है कि जितने लोग ट्रेनों में भरे हुए हैं उससे कई ज्यादा लोग रेलवे स्टेशनों पर भरे हुए हैं।

भारतियों के लिए असुरक्षित होता कनाडा



राकेश अचल

दोनों देशों के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बीच कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हमले को लेकर हम मोदी जी कि भूमिका से असहमत होते हुए भी उनके साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सख्त लहजे में उन्होंने कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं है। हमारे हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह है। भगवान से प्रार्थना है कि वो दोनों देशों की सरकारों को सद्बुद्धि दे ताकि कनाडा भारत के लिए दूसरा पाकिस्तना न साबित हो।

भारत में चुनावी राजनीति में लोग एक -दूसरे के छक्के छुड़ाने में लगे हैं उधर सात समंदर पार कनाडा भारतीयों के लिए दूसरा पाकिस्तान बनता नजर आ रहा है। भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू पूजा स्थल पर खालिस्तान समर्थकों की तरफ से हमला करने के घटनाक्रम ने भारत और कनाडा के आपसी रिश्तों को भयंकर झटका दिया है। कनाडा में 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 1 लाख एनआरआई मौजूद हैं। ये दुनिया में सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समूह में से एक है। कनाडा की पूरी आबादी में ये हिस्सेदारी करीब 3 प्रतिशत है।

भारत और कनाडा के रिश्तों में तनातनी की जड़ में खालिस्तानी तत्व हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्री हैं। भारत और कनाडा के आपसी संबंधों का मौजूदा दौर कई सवालों और चिंताओं को जन्म दे रहा है. हरदीप सिंह निज्जर की हत्या सुर्खियों में है, लेकिन दोनों देशों के ताल्लुक पेचीदगियों से भरे है। अच्छी बात ये है की इस समय भारतियों पर कनाडा में हुए ताजा हमले के मुद्दे पर हम सब एक हैं सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आये हैं उसमें साफ तौर पर दिखता है कि हिंदू मंदिर के सामने पहले खालिस्तान समर्थकों की टोली गाड़ियों से आती है और खालिस्तानी झंडों के साथ वहां एकत्रित लोगों के साथ मारपीट करती है। वहां की पुलिस की बीच-बचाव करती दिखती है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने भी इस हमले मैंने से ही इंकार कर दिया है ,जबकि स्थानीय पुलिस ने इस मामले में दो-तीन लोगों की गिरफ्तारी की बात कही गई है।

पूजाघरों में इस तरह की घटनाएं सिहरन पैदा करतीं हैं । कनाडा में अगले वर्ष आम चुनाव है और कई लोगों भारत के साथ प्रधानमंत्री ट्रुडो की नीतियों को उनकी राजनीतिक महत्वांकाक्षा से जोड़ कर देखते हैं। ट्रूडो की नजर भारत से अलग पृथक देश खालिस्तान बनाने का सपना पालने वाले खालिस्तानी संगठनों से जुड़े वोटरों पर है। ऐसे में भारतीय समुदाय पर या धार्मिक स्थलों पर उनका हमला बढ़ने की आशंका है। भारत और कनाडा के बीच फिलहाल जो कड़वाहट घुली है, उसे दोनों देशों के रिश्तों का सबसे निचला स्तर बताया जा रहा है और ये दौर दोनों देशों के मौजूदा नेतृत्व कि क्षमताओं पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। ये समझने कि जरूरत है कि अचानक ऐसा क्या हुआ, जो भारत और कनाडा जैसे दो मित्रदेशों के रिश्ते इतने बुरे दौर में पहुंच गए ? क्या कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में वाकई भारत सरकार का हाथ है और तीसरा, क्या ट्रूडो का बयान पूरी तरह घरेलू

वोटबैंक की राजनीति से प्रेरित है।

भारत-कनाडा रिश्तों का इतिहास खट्टा-मीठा रहा है। ये बनते-बिगड़ते रहे है। अत्तीत में झांककर देखें तो कनाडा-भारत संबंध,कनाडा और भारत गणराज्य के बीच द्विपक्षीय संबंध हैं। माना जाता है कि लोकतंत्र के लिए आपसी प्रतिबद्धता, बहुलवाद और लोगों के बीच परस्पर संबंधों पर आधारित हैं।कांग्रेस के शासनकाल में 2009 तक भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 4.14 बिलियन डालर का था। वर्षों पहले एयर इंडिया फ्लाइट 182 में हुए विस्फोट के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जो कड़वाहट आई थी उसका असर दो दशकों रहा। आपको याद होगा कि 23 जून 1985... वो तारीख जब खालिस्तानियों ने एयर इंडिया की एक विमान को निशाना बनाया। इस विमान हादसे में 329 की हुई थी मौत, मरने वालों में 268 कनाडा के नागरिक थे। यह विमानन इतिहास में सबसे घातक आतंकवादी हमला था। खालिस्तानी आर्तकियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए विमान पर हमला किया था। हमले के 39 साल पूरे होने के बाद भी कनाडा पुलिस हादसे की जांच नहीं कर पाई थी।

इस हमले से पहले भी भारत द्वारा 1974 में हुए परमाणु परीक्षण ने दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों में तल्खी पैदा हुई थी। कनाडा ने तब भारत पर कोलंबो योजना की शर्तों का उल्लंघन का आरोप लगया था ,हालाँकि 1990 के दशक के अंत में जाँ श्रेतियाँ और रोमियो लब्लैंक दोनों ने भारत की, पोखरण-2 परीक्षणों के बाद, संबंधों को एक बार फिर से अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।मुझे याद है कि कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने 2012 में भारत का दौरा किया था। कनाडा और भारत बड़े पैमाने पर व्यापार करते हैं। भारत मुख्य रूप से कनाडा से दाल आयात करता है। उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों के लिए कनाडा एक पसंदीदा स्थान है।इस बीच कनाडा में सिख आतंकवादियों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों में हुए इजाफे के दौरान कनाडा सरकार द्वारा अपेक्षित रोकथाम करने कथित कमी ने दोनों देशों के बीच तनाव पैदा कर दिया है

हाल के दशक में कनाडा ने नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा कर तनाव के नए बीज बोये । भारत ने इसके जवाब में कनाडा को झिड़की दी और साफ शब्दों में कहा कि कनाडा को अपने काम से काम रखना चाहिए और भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पिछले साल 2023 में, जी-20 बैठक के बाद, कनाडा की ट्रूडो सरकार ने भारत पर एक कनाडाई सिख कार्यकर्ता, हरदीप सिंह निज्जर, जो खालिस्तान आंदोलन का हिस्सा था, की कनाडा में हत्या करने का आरोप लगाया। तब से अब तक रिश्तों में कड़वाहट इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को देश निकला तक दे दिया। अब स्थिति ये है कि कनाडा ने तमाम हदें लांघते हुए भारत के गृहमंत्री तक पर गंभीर आरोप लगा दिए है। मुमकिन है कि इन आरोपों को लेकर 25 नबंवर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में गहमागहमी रहे।

कनाडा और भारत के रिश्तों को समझने के लिए हमें बहुत पीछे जाना पडेगा, इतने पीछे जहाँ कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू खड़े नजर आने लगें। नेहरू को सदैव गालियां देने वालों को शायद ये पता नहीं होगा कि भारत और कनाडा के रिश्तों की नीव में नेहरू ही हैं मोदी नहीं। इतिहास बताता है कि आजादी के बाद से लेकर 1960 के दशक में कनाडा-भारत संबंधों को भारतीय प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और दो वर्षों के दौरान सेवा करने वाले दो कनाडाई प्रधानमंत्रियों लुई सेंट लॉरेंट और लेस्टर बी पियर्सन के व्यक्तिगत संबंधों के कारण बढ़ावा मिला था। ये रिश्ते आज के पुतिन मोदी संबंधों जैसे कहे जा सकते है। इनकी तुलना नेतन्याहू और मोदी के निजी संबंधों से भी की जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र और राष्ट्रमंडल में कोरियाई युद्ध और स्वेज संकट जैसे विविध मुद्दों पर, भारत और कनाडा के बीच रुचि और प्रतिबद्धता का एक अनूठा उदाहरण है । । नेहरू के ही कार्यकाल में भारत के लिए कनाडा का सहायता कार्यक्रम 1951 में शुरू हुआ और कोलंबो योजना के तहत काफी बढ़ा। कनाडा ने भारत को खाद्य सहायता, परियोजना वित्तपोषण और तकनीकी सहायता प्रदान की। पिछले पांच दशकों में भारत, कनाडाई द्विपक्षीय सहायता का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता रहा है, जिसकी राशि 3.8 बिलियन से अधिक कनाडाई डॉलर है। नेहरू के कार्यकाल में ही 1960 के दशक में, कनाडा ने कोलंबो योजना के माध्यम से कुंडाह हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर हाउसपरियोजना का समर्थन किया । लेकिन आज दोनों देशों के रिश्तों में इतनी कड़वाहट बढ़ गयी है कि इन्हें दूर करने में दशकों लग जायेंगे कम से कम मोदी और ट्रूडो के रहते तो ये रिश्ते अब सुधरने वाले नहीं है। लौटकर मंदिर में श्रृद्धालुओं पर हुए ताजा हममले पर आते है। इन हमलों के खिलाफ पूरा भारत एक है । संसद में भी ये एकता दिखाई देना चाहिए।

दोनों देशों के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बीच कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हमले को लेकर हम मोदी जी कि भूमिका से असहमत होते हुए भी उनके साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सख्त लहजे में उन्होंने कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं है। हमारे हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह है। भगवान से प्रार्थना है कि वो दोनों देशों की सरकारों को सद्बुद्धि दे ताकि कनाडा भारत के लिए दूसरा पाकिस्तना न साबित हो।

संपादकीय

तलाशनी होगी वजहें

टॉम लेथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड़ ने भारत का तीन टेस्ट की सीरीज में सफाया करके यह दिखा दिया है कि भारत अब घर का भी शेर नहीं रहा है। भारत ने 2000 के बाद से घर में अजेय रहने वाली छवि बनाई थी, जिसे पहला झटका इंग्लैंड़ ने 2012-12 में दिया था। अब यह झटका न्यूजीलैंड़ ने दिया है। भारत के पास 1960 और 70 के दशक में प्रसन्ना और बेदी जैसे स्पिनर होने पर भी भारत घर में ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंड़ीज और इंग्लैंड़ से सीरीज हारते रहते थे, पर 2000 के दौरान भारत ने घर में अजेय रहने वाली छवि बनाई थी। पर भारतीय टीम के हाल के घर के प्रदर्शनों को देखें तो यह साफ हो जाता है कि हमारे बल्लेबाज अब टर्निंग विकेट पर टिकने वाली क्षमता को खोते जा रहे हैं। इसकी एक प्रमुख वजह तो साल में ज्यादातर समय टी-20 क्रिकेट खेलना है। इससे खिलाड़ी विकेट पर टिकने वाली कला को भूलते जा रहे हैं। इस सीरीज में पहले सेंटनर और फिर एजाज पटेल ने भारतीय बल्लेबाजों की बारात निकालकर इस बात को साबित कर दिया है। सवाल यह है कि हमारे बैटर इस कला में पिछड़े.क्यों हैं। इस बात पर ध्यान देने से पता चलता है कि भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज लंबे समय से घरेलू क्रिकेट से दूर बने हुए हैं, इसलिए उन्हें अपनी बल्लेबाजी में आने वाली खामियों को सुधार करने का मौका ही नहीं मिलता है। अब हम कोहली को ही लें तो वह 2021 के बाद से स्पिन गेंदबाजी के सामने मुश्किल में नजर आ रहे हैं। बहुत संभव है कि विराट और रोहित पर उम्र का असर दिखने लगा हो। पर इस संबंध में सही तस्वीर इस माह के आखिर में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर प्रदर्शन से ही सामने आएगी। बहुत संभव है कि भारतीय टीम के सीनियर बल्लेबाजों के बल्ले चमक बिखेरने में कामयाब हो जाएं। फिर भी इन सीनियर बल्लेबाजों के विकल्प तलाशने का समय आ गया है। भारत की इस करारी हार से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने की संभावनाएं तो कमजोर हुई हैं ही, साथ ही नये मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं। भारत यदि ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से सीरीज हार जाता है तो फिर आलोचकों का मुंह बंद करना मुश्किल हो जाएगा। इस हार से विश्व टेस्ट चैपियनशिप में भारत के फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बेहद कमजोर हो गई हैं। भारत के लिए अब फाइनल खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने की चुनौती है, जो असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है।

चिंतन-मनन

प्रार्थना की शक्ति का महत्व...

मनुष्य का जीवन उसकी शारीरिक एवं प्राणिक सत्ता में नहीं, अपितु उसकी मानसिक एवं आध्यात्मिक सत्ता में भी आकांक्षाओं तथा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए और कामनाओं का है। जब उसे ज्ञान होता है कि एक महत्तर शक्ति संसार को संचालित कर रही है, तब वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, अपनी विषम यात्रा में सहायता के लिए, अपने संघर्ष में रक्षा के लिए आय प्राप्त करने के लिए प्रार्थना द्वारा उसकी शरण लेता है।

प्रार्थना द्वारा भगवान की ओर साधारण धार्मिक पहुंच, अपने को ईश्वर की ओर मोड़ देने के लिए यह हमारी प्रार्थनारूपी विधि हमारी धार्मिक सत्ता का मौलिक प्रयत्न है, और एक सार्वभौम सत्य पर स्थित है- भले ही इसमें कितनी भी अपूर्णताएं हों और सचमुच अपूर्णताएं हैं भी।

प्रार्थना के प्रभाव को प्राय? संदेह की दृष्टि से देखा जाता है और स्वयं प्रार्थना निरर्थक तथा निष्फल समझी जाती है। वैश्व संकल्प सदैव अपने लक्ष्य को ही कार्यान्वित करता है। वह सर्वज्ञ होने के कारण अपने वृहत्तर ज्ञान से कर्तव्य पहले ही जान लेता है, परंतु यह व्यवस्था यांत्रिक नियम से नहीं, बल्कि कुछ शक्तियों एवं बलों के द्वारा कार्यान्वित होती है।

यह मानव संकल्प, अभीप्सा और श्रद्धा का एक विशेष रूप मात्र है। प्रारंभ में प्रार्थना निम्न स्तर भी हमारे सबंध को तैयार करने में सहायता पहुंचाती है। मुख्य वस्तु इस प्रकार का साक्षात संबंध, मनुष्य का ईश्वर से संपर्क, सचेतक आदान-प्रदान न कि पार्थिव वस्तु की प्राप्ति।

अपनी मानसिक रचना के निर्माण के बाद यदि व्यक्ति अपने को ईश कृपा पर समर्पित कर देता है, और इसमें भरोसा रखता है, तो उसको अवश्य ही सफलता मिलेगी। यदि कोई ईश्वर की कृपा का मात्र आह्वान करता है, तो अपने को उसके हाथों में सौंप देता है, तो वह विशेष अपेक्षा नहीं करता। प्रार्थना को सूत्रबद्ध करके किसी वस्तु के लिए निवेदन करना होगा। व्यक्ति को यह सवाल नहीं करना चाहिए। यदि सचाई के साथ सच्ची आंतरिक भावना के साथ याचना की जाए तो संभव है- वह स्वीकृत हो जाए।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल

ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है।

पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दशार्ती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दशार्ते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है।

पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं। इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूंबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। प्रेषकः

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

क्रिकेटः भुलाए नहीं भूलेगी यह हार

मनोज चतुर्वेदी

मुंबई के वानखेड़े. स्टेड़ियम पर तीसरा टेस्ट हारते ही भारत की उम्मीदों को ऐसा झटका लगा है, जिसका दर्द सालों साल महसूस होता रहेगा। भारत की इस हार से न्यूजीलैंड़ पहली बार अपने घर से बाहर तीन टेस्ट की सीरीज में क्लीन स्वीप करने में सफल हुई है। भारत का भी घर में सीरीज में सफाया पहली बार हुआ है। भारत इससे पहले 2012-12 में एलिस्टेयर कुक की अगुआई वाली इंग्लैंड़ टीम से घर में सीरीज हारी थी। इसके बाद से भारत ने लगातार 18 सीरीज जीतकर घर में अजेय योद्धा वाली छवि बना ली थी। पर टॉम लेथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड़ टीम ने भारत से सीरीज ही नहीं जीती बल्कि उन्हें एकदम से बौना बनाकर रख दिया। लेथम की टीम ने सीरीज जीतने का गौरव तो एक हफ्ते पहले ही पा लिया था। अब तो उसने सीरीज में क्लीन स्वीप करके केक पर आइसिंग लगाने का काम भर किया है। भारत की इस सीरीज में हुई थुक्का-फजीहत के कई कारण हैं। इन कारणों में प्रमुख रूप से गलत फैसले, विराट और रोहित जैसे दिग्गजों का फॉर्म में नहीं होना प्रमुख हैं। भारत के टी-20 विश्व कप जीतने और इस सीरीज के बीच करीब एक माह का समय था। इसलिए मुख्य चयनकर्ता चाहते थे कि प्रमुख खिलाड़ी मैच अभ्यास करने के लिए दलीप ट्रॉफी के कुछ मैच सीनियर खिलाड़ी खेलें। पर इस प्रस्ताव को टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने सिरे से खारिज कर दिया। उनका मानना था कि घरेलू क्रिकेट में खेलने से उन्हें किसी तरह की प्रेरणा नहीं मिलती है। वे यदि दलीप ट्रॉफी में खेले होते तो बेहतर तैयारी के साथ इस सीरीज में उतर सकते थे। भारतीय टीम से जुड़े.सीनियर खिलाड़ियों ने शुरूआत में घरेलू मैचों में खेलने की बात मान ली थी। पर बाद में खेलने से इनकार कर दिया आर वह इस तरह लाल गेंद के किसी खास अभ्यास के बिना बांग्लादेश और न्यूजीलैंड़ के खिलाफ पांच टेस्ट में खेलने पर सहमति जता दी। हम अच्छे से जानते हैं कि भारत ने इंग्लैंड़ के खिलाफ घर में सीरीज हारने के बाद अगले 12 सालों में भारत द्वारा जीतीं ज्यादातर सीरीजों के जीतने में कप्तान रोहित शर्मा और विरोट कोहली के प्रदर्शनों की भूमिका अहम रही है। पर इस सीरीज के दौरान दोनों खिलाड़ी जरा भी रंगत में नहीं दिखे। विराट ने अपनी आखिरी 10 टेस्ट पारियों में सिर्फ 192 रन बनाए हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा इतनी पारियों में 133 रन ही बना सके हैं। रोहित शर्मा यहां पेस गेंदबाजी का भरोसे से सामना नहीं कर पा रहे हैं तो विराट कोहली स्पिन गेंदबाजी, खासतौर से लेफ्ट ऑर्म स्पिनरों का सामना करने में असहज हो गए हैं। अब सवाल यह है कि क्या इन दोनों के विकल्प तलाशने का समय आ गया है। अब यह जोड़ी अगले ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांच टेस्ट मैचों में भी प्रदर्शन सुधार नहीं पाती है, तो फिर इन दोनों को बाहर करने की मांग जोर पकड़.सकती है। रोहित शर्मा बल्ले से तो फ्लॉप रहे और उन्होंने कप्तान के तौर पर भी कई खराब फैसले लेकर सीरीज में भारत की स्थिति दयनीय बनाने में अहम भूमिका निभाई। बेंगलुरू में खेले गए पहले टेस्ट में आसमान में छाए बादलों के बीच टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले की वजह से टीम को 46 रनों के शर्मनाक स्कोर पर आउट होना पड़ा। इस टेस्ट में भारत ने दूसरी पारी में पंत और सरफराज की 177 रनों की साझेदारी से स्थिति संभाल दी थी। पर बाद के बल्लेबाजों के ताश के पत्तों की तरह ढरह्ने से भारत को हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद पुणेऔर मुंबई में पहले दिन से टर्न लेने वाली विकेट बनवाने के गलत फैसले ने सीरीज में सफाया कराने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम मैनेजमेंट इस बात को अच्छी तरह से जानता था कि हमारे प्रमुख बल्लेबाजों को टनिंग विकेट पर खेलने में दिक्कत होती है। पर फिर भी आखिरी दो टेस्ट में इस तरह की विकेट बनवाने के पीछे का उद्देश्य समझ से परे है। सही मायनों में घर में स्पिन विकेट पर भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी 2023 से ही उजागर हो गई थी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारत टनिंग विकेट पर नई दिल्ली में तो किसी तरह जीत गया था। पर इंदौर में उसकी पोल खुल गई थी। ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में 1-2 से हारा सिर्फ अपनी खराब बल्लेबाजी की वजह से अन्यथा उसके गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों के नकेल ड़ाले रखी थी। इस सीरीज में भी स्पिन के मददगार विकेट पर खेलते समय भारतीय बल्लेबाज तकनीकी रूप से कमजोर नजर आए। भारतीय टीम के मुंबई टेस्ट में 147 रनों का लक्ष्य नहीं प्राप्त कर पाने में न्यूजीलैंड़ के गेंदबाज लेफ्ट ऑर्म स्पिनर एजाज पटेल की भूमिका अहम रही। दिलचस्प बात यह है कि इस टेस्ट में 11 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज का जन्म मुंबई में ही हुआ है। यह उनकी गेंदबाजी का ही कमाल था कि भारत ने एक समय 29 रन पर पांच विकेट खो दिए थे। वह तो भला हो ऋषभ पंत का जो उन्होंने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से भारत को एक समय जीत का दावेदार बना दिया था। पर वह विवादास्पद कैच की वजह से आाउट हो गए और भारत की उम्मीदें भी टूट गई।

पूर्ण परियोजनाएं एक सप्ताह में हैण्डओवर करें कार्यदायी संस्थाएं: डीएम

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

बहराइच रू. 50 लाख से अधिक लागत की निमार्णाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों खरे उतरें। सम्बन्धित अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक माह किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या डीएम को उपलब्ध कराई जाये तथा समीक्षा बैठक में निरीक्षण आख्या के साथ सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित होंगे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में कुल रू. 749.04 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत रू. 50 लाख से अधिक लागत की कुल 96 परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं। अब तक रू. 456.80 करोड़ की धनराशि का व्यय कर 86 प्रतिशत वित्तीय एवं 63 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी हैं। माध्यमिक शिक्षा से सम्बन्धित निर्माण कार्य प्रोजेक्ट अलंकार, मल्टीपरपज हॉल, कम्प्यूटर लैब आदि कार्यों में जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपेक्षित सुधार लाया जाय। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्य की प्रगति के फीडिंग अनिवार्य रूप से अद्यतन रखना सुनिश्चित करें एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करें। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि यदि निमार्णाधीन परियोजनाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यवधान एवं भूमि विवाद उत्पन्न होता है तत्काल प्रशासकीय विभाग को समाधान हेतु अवगत कराया जाए। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उत्पन्न व्यवधान का समुचित निराकरण कराएं जिससे कार्य की प्रगति एवं निरन्तरता प्रभावित न हो। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप पूर्ण कराएं तथा निर्माण कार्य से सम्बन्धित माइल स्टोन का माहवार लक्ष्य का चार्ट उपलब्ध कराएं, जिसके सापेक्ष निर्माण कार्य की मासिक प्रगति की समीक्षा की जा सके। डीएम ने निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हैं, उन्हें एक सप्ताह में प्रशासकीय विभागों के हैण्डओवर करा दिया जाए। साथ ही प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि हैण्डओवर होने वाली परियोजनाओं को जनोपयोग में लाया जाय। डीएम ने कहा कि वर्तमान में जिन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति 85 प्रतिशत या इससे अधिक है, आगामी माह तक कार्य पूर्ण कर लिया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाए एवं निर्माण कार्य से सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

छापाबोझी गांव मे जंगल से काटी गई बेशकीमती लकडी वन विभाग ने की बरामद

जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारियों ने गांव पहुंचकर जांच कर बरामद की लकड़ी

संस्कार उजाला



खुटार। मंगलवार को वन विभाग क्षेत्राधिकार मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मुखबिर की सूचना पर अपनी टीम के साथ खुटार के गांव छापाबोझी पहुंच कर छत्रपाल नामक एक व्यक्ति के घर पर छापा मारा। वन विभाग द्वारा की गई छापामार कार्यवाही में गत दिनों जंगल से अवैध रूप से काटी गई कोरो की बेशकीमती लकडी बरामद कर ली। वनकर्मियो द्वारा छापा मारने की भनक लगने पर मकान मालिक छत्रपाल मौके से फरार हो गया। वनकर्मी फरार छत्रपाल की तलाश मे जुट गए है। ज्ञात होगी रेंज खुटार के सिहुरा आदि बीटो वेशकीमती लकड़ी के कई पेड़ लकड़कट्टों द्वारा चोरी से काट लिए गए। कई दिनों से जंगल से लकड़ी काटने की खबरें मीडिया में छायी हुई हैं।वन विभाग एक आरोपी को इससे पहले सोमवार को जंगल से लकड़ी काटने के आरोप में एक युवक पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज चुका है। तमाम जानकारी के लिए रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव से बात करनी चाहि लेकिन उनका फोन नहीं उठा रहा था

संक्षिप्त डायरी

बुखार और डायरिया से पीड़ित वृद्ध की उपचार के दौरान हुई दर्दनाक मौत

संस्कार उजाला
रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सरूरपुर गांव में डायरिया और बुखार से पीड़ित एक वृद्ध की उपचार के चलते मौत होने से स्वजनों में कोहराम मच गया। बता दे की मौसम परिवर्तन के कारण अस्पतालों की ओपीडी में नजला जुकाम बुखार डायरिया जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ने लगी है। वही वृद्ध की मौत को लेकर सरूरपुर निवासी शेर मौहम्मद ने बताया कि ताऊ जमील को करीब एक माह पूर्व बुखार आया था।उस समय चिकित्सक से उपचार मिलने पर ठीक हो गए।लेकिन शनिवार को दोबारा से तबीयत खराब हो गई।डायरिया और बुखार होने पर स्थानीय चिकित्सक के पास भर्ती कराया।जहां से चिकित्सक ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ में उपचार के दौरान 4 नवंबर की सुबह 66 वर्षीय जमील ने दम तोड़ दिया। साथी इस मामले को लेकर सीएचसी प्रभारी डाक्टर अमित बैसला का कहना कि इस संबंध में उन्हें कोई सूचना नहीं मिली है। गांव में टीम को भेज कर वृद्ध की मौत का कारण स्पष्ट किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर कैंप लगाकर ग्रामीणों की जांच कर दवाई दी जाएंगी। और बुखार या डायरिया के लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।

बुखार और डायरिया से पीड़ित वृद्ध की उपचार के दौरान हुई दर्दनाक मौत

संस्कार उजाला
रिपोर्टर भूपेंद्रवर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सरूरपुर गांव में डायरिया और बुखार से पीड़ित एक वृद्ध की उपचार के चलते मौत होने से स्वजनों में कोहराम मच गया। बता दे की मौसम परिवर्तन के कारण अस्पतालों की ओपीडी में नजला जुकाम बुखार डायरिया जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ने लगी है। वही वृद्ध की मौत को लेकर सरूरपुर निवासी शेर मौहम्मद ने बताया कि ताऊ जमील को करीब एक माह पूर्व बुखार आया था।उस समय चिकित्सक से उपचार मिलने पर ठीक हो गए।लेकिन शनिवार को दोबारा से तबीयत खराब हो गई।डायरिया और बुखार होने पर स्थानीय चिकित्सक के पास भर्ती कराया।जहां से चिकित्सक ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ में उपचार के दौरान 4 नवंबर की सुबह 66 वर्षीय जमील ने दम तोड़ दिया। साथी इस मामले को लेकर सीएचसी प्रभारी डाक्टर अमित बैसला का कहना कि इस संबंध में उन्हें कोई सूचना नहीं मिली है। गांव में टीम को भेज कर वृद्ध की मौत का कारण स्पष्ट किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर कैंप लगाकर ग्रामीणों की जांच कर दवाई दी जाएंगी। और बुखार या डायरिया के लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।

बाबूगढ़ पुलिस ने फर्जी लूट का चंद घंटे में खुलासा कर अभियुक्त को शत प्रतिशत नगदी सहित किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला

हापुड़/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह की हापुड़ पुलिस ने फर्जी लूट का चंद घंटे में खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से शत प्रतिशत 1,19700 की नगदी बरामद करने का दावा किया है। आपको बता दें कि 4 नवंबर को एक फाइनेंस कलेक्शन कंपनी के एजेंट के द्वारा बाबूगढ़ पुलिस को अपने साथ लूट की घटना होने की सूचना दी गई थी। जिसमें थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्यवाही कर मु०अ०स०327/24/धारा 303(2) बीएन एस फर्जी लूट घटना का सफल अनावरण करते हुए। कलैक्शन एजेण्ट सौरव पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी शमशाबाद औरंगाबाद बुलंदशहर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शत-प्रतिशत 01,19,700/- रुपये नकदी बरामद की है।गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह भारत फाइनेंस कम्पनी सिम्भावली मे कलैक्शन एजेण्ट है। जिसके चलते उसने कुछ दिन पूर्व अपने एक दोस्त को कलेक्शन राशि के 75000 उधार दे दिए थे। जिनको जमा करने को लेकर उसके ऊपर फाइनेंस कंपनी का दबाव चल रहा था। जिसको लेकर उसने कलेक्शन की गई। धनराशि को हड़पने के उद्देश्य से पुलिस को लूट की फर्जी सूचना दी गई थी। वही इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गिरफ्तार युवक के द्वारा भारत फाइनेंस कलेक्शन एजेंट के द्वारा कंपनी की धनराशि हड़पने को लेकर उसके द्वारा नाटक किया गया था। जिसको लेकर पुलिस को फर्जी सूचना दी गई थी। जिसमें पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई कर घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शत प्रतिशत राशि 119700 की नगदी बरामद कर विधिक वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया है।

समेकित प्रोत्साहन योजना से सिनेमाघरों का होगा कायाकल्प

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

बहराइच सहायक आयुक्त राज्य कर खण्ड-1 बहराइच अजय कुमार वर्मा ने बताया कि जन-सामान्य को स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराने, प्रदेश में निवेश व राजस्व वृद्धि के साथ-साथ अधिकाधिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से बन्द या संचालित सिनेमाघरों को यथास्थिति, पूर्ण रूप से तोडकर व्यावसायिक गतिविधियों सहित उन्हे पुनः संचालित करवाने, बन्द अथवा संचालित सिनेमाघरों को रिमॉडल करवाने, मल्टीप्लेक्स विहीन जनपदों में यथाशीघ्र मल्टीप्लेक्स खुलवाने, मल्टीप्लेक्स/एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने, संचालित छविगृहों के उच्चीकरण तथा संचालित एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के स्वामियों की समस्याओं के समाधान हेतु शासन द्वारा समेकित प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। श्री वर्मा ने बताया कि समेकित प्रोत्साहन योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु इच्छुक व्यक्ति मो.न. 7235001792 अथवा केडीसी रोड, मेडिकल कालेज के सामने स्थित राज्य कर कार्यालय बहराइच से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

स्वस्थ और सशक्त महिलाएं परियोजना का शुभारंभ

संस्कार उजाला

नोएडा, रोटरी क्लब ऑफ नोएडा ने आज आईएमए हाउस, नोएडा में 'स्वस्थ और सशक्त महिलाएं' परियोजना का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, और आत्मरक्षा के बारे में जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना है। इस विशेष कार्यक्रम में विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। रोटेरियन न्यूट्रिशनिस्ट निधि खेमका ने स्वास्थ्य की ओर कदम सत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को आहार, पोषण, और फिटनेस की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. सुजाता शर्मा ने महिलाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कराटे इंडिया अकादमी के कोच प्रीतम राठौरे ने महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के मूलभूत कौशल सिखाए गए। नोएडा की अध्यक्षा रोटेरियन मोहित शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल, लोटस वैली पब्लिक स्कूल, डीपीएस गौतमबुद्धनगर, द मैनहतन, श्री राम ग्लोबल स्कूल, द खैतान, और एमिटी स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में रोटेरियन ज्योति त्रिपाठी, रोटेरियन अलका चोपड़ा, रोटेरियन श्रीमती लाधा, रोटेरियन आशा वालिया, रोटेरियन अलका चोपड़ा, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राजेश अंबावता आदि मौजूद थे।

नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व हुआ शुरू

संस्कार उजाला

नोएडा, अखिल भारत हिन्दू महासभा और अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि सूर्योपासना का महान छठ पर्व आज नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है।आज छठव्रतियों ने प्रातः अपने-अपने घड़ों की सफाई की।चावल, चना दाल और लौकी की शब्जी का प्रसाद बनाया।सर्वप्रथम भगवान सूर्य और षष्ठी देवी की पूजा कर छठव्रतियों ने प्रसाद स्वयं ग्रहण किया तथा अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को भी प्रसाद वितरित किये।आज की पूजा छठव्रतियों की पूर्ण शुद्धता का प्रतीक है। कल,06 नवंबर को कार्तिक शुक्ल पंचमी के दिन छठव्रती खरना की पूजा करेंगी।07 नवंबर को कार्तिक शुक्ल षष्ठी के सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को जल से अर्घ्य दिया जायेगा।08 नवंबर को कार्तिक शुक्ल सप्तमी के प्रातःकाल उदीयमान भगवान सूर्य को दूध एवं जल से अर्घ्य दिया जायेगा।अर्घ्य के उपरांत छठव्रती छठघाट के निकट बने सूर्य पिंडों के पास बैठकर भगवान भास्कर की पूजा करेंगी।अर्घ्य और पूजा के उपरांत छठव्रतियों के 36 घन्टे का निर्जला व्रत समाप्त हो जायेगा तथा चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जायेगा। सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में श्री सूर्यदेव पूजा समिति नोएडा द्वारा श्री छठ पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि छठव्रतियों को अर्घ्य प्रदान करने के लिए 60 फीट लंबा, 25 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा तालाब का निर्माण किया गया है।07 नवंबर को सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य देने के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रख्यात भोजपुरी गायिका सरिता सरगम,गायिका पूनम पांडे, गायक एस.डी.सिंह,आदि कलाकारों द्वारा हिन्दी, भोजपुरी, मैथिली, अंगिका, मगही, पंजाबी सहित विभिन्न लोकभाषाओं में गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा, संयोजक ओ पी तिवारी, महासचिव राजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभात राय,सहकोषाध्यक्ष आर.के.श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर, मनीष यादव,मनीष झा,अतुल जैन, अनुराग श्रीवास्तव, अनमोल सिंह, सुनील अग्रवाल,शोभित सक्सेना,विनोद कुमार,घनश्याम गुप्ता,रमाशंकर शर्मा,उत्पल कुमार,प्रभात चंदन,दुगार्दास शाह,संजय कुमार,किरण कुमार, विनय ठाकुर आदि उपस्थित थे। मुन्ना कुमार शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय प्रवासी महासभा फोन:9312177979

सेहरामऊ क्षेत्र में केंद्र प्रभारी लापता, कागजों में हो रही धान खरीद आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

धान क्रय केंद्र बंद करके प्रभारी गायब,लटक रहे ताल

संस्कार उजाला

पीलीभीत। केंद्र प्रभारी अपनी हरकतों से वाज नहीं आ रहे हैं। लगातार गायब रहते इससे पहले भी केंद्र प्रभारी लापरवाही उजागर हुई लेकिन उसके बावजूद भी धान क्रया केंद्र के प्रभारी अधिकारियों का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। जिसमें दिनदहाड़े ही धान क्रया केंद्र बंद करके गायब हो जाते हैं। इससे पहले भी कई बार केंद्र प्रभारी की लापरवाही सामने नजर आई केंद्र प्रभारी के लापरवाही चलते क्रया केंद्र पर ताले झूलते हुए नजर आ रहे हैं। केंद्र प्रभारियों को जरा भी अधिकारियों का खोफ नहीं है। जिसमें दिन दहाड़े धान केंद्र बंद कर कहीं चले जाते हैं।प्रदेश के किसानों में खुशहाली लाने एवं उनकी आय को दोगुना करने के उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार किसानों के हितों के लिए बहुत सी योजनाओं को चल रही है। किसानों को सरकारी दाम पर अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो इसलिए प्रदेश सरकार किसानों की सुबिधा के लिए सरकारी धान क्रय केंद्र खुले रखकर पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों के धान खरीद करने के आदेश दिए गए हैं।वहीं इसके उलट सरकार की मंशा के विपरीत सेहरामऊ क्षेत्र में धनेगा, मोहराई, आदि गाँवों में लगे धान क्रय केंद्र बंद रहे और धान क्रय केंद्र प्रभारी सहित कोई कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं रहा। क्रय केंद्र प्रभारी कागजों में तो प्रतिदिन के हिसाब से सैकड़ो कुंटल धान खरीद दिखाते हैं। लेकिन वास्तव में किसानों के धान खरीदने में क्रय केंद्र प्रभारी रुचि नहीं ले रहे हैं। कोई ना कोई धन में कमी बात कर किस को अपने अपने दामों पर धान बेचने पर मजबूर कर देते हैं जिससे मजबूरन किसान को अपनी फसल औने पौने दामों पर बिचौलियों व आढ़तियों के पास बेचनी पड़ रही है। जिस कारण से सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को फसल का उचित लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। वही बिचौलियों चांदी काट रहे हैं क्षेत्र में कई औढतें पर धान के अंबार लगे हुए नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ क्रय केंद्र पर सुनसान नजर आ रहा।

जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (टिकैत) की आपातकालीन पंचायत कार्यालय पर संपन्न हुई

संस्कार उजाला
जिला प्रभारी अमित शर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर गढ़ कार्यालय पर आपातकालीन बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसने की समस्याओं को लेकर गहनता से विचार विमर्श करते हुए अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी गई। वहीं गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा तंबू नगरी मेले में आगामी 13 नवंबर को भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचेंगे। जिनके स्वागत को लेकर कार्यकताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर में स्थित कैम्प कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (टीकैत) की आपातकालीन पंचायत हुई। जिसकी अध्यक्षता गढ़ ब्लॉक संयोजक हाजी नासिर अली और संचालन जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद ने किया। भाकियू टीकैत की आपातकालीन पंचायत के दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान पर 13 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचेगे। जिनके स्वागत के लिए जनपद हापुड़ की समस्त टीम जोर शोर से तैयारी में जुट गई है। ब्लॉक धौलाना में किसानों की विभिन समस्यों को लेकर धौलाना तहसील पर कल बुधवार से अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया जाएगा। जब तक अधिकारी समस्याओं का निस्तारण नही करेंगे तब

तक धरना जारी रहेगा। आपातकालीन पंचायत के दौरान धौलाना ब्लॉक अध्यक्ष उमेश राणा ने कहा कि सरकारी सरकारी चकरोड पर कुछ दबंगों द्वारा कब्ज किया जा रहा है। विधुत विभाग द्वारा की जा रही अनदेखी के चलते किसान के मकान के लिए अधिक दूरी बताकर बिजली विभाग ने कनेक्शन देने के लिए मना कर दिया।और वही पर ओयो होटल के लिए कनेक्शन दे दिया गया है। इस अवसर पर आपातकालीन पंचायत में मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल गुजराल,महिला जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सरिता देवी, महिला जिला उपाध्यक्ष शोभा देवी, महिला जिला सचिव राजबीरी देवी, जिला मीडिया प्रभारी अमजद खान,गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मजीद चौधरी,दौताई इंतेजार अली,बाबूगढ़ नगराध्यक्ष शेखर चौधरी,तहसील गढ़ अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी,धौलाना तहसील अध्यक्ष रविन्द्र कुमार,जिला महासचिव सुंदर गुर्जर, डॉक्टर मतलूब, नोशाद अल्वी, बिल्लू त्यागी समेत मौजूद रहे।

अमरिया में सपा की मासिक बैठक में बूथ कमेटी पर हुई मर्मा।

संस्कार उजाला

अमरिया, पीलीभीत । समाजवादी पार्टी 127 विधानसभा क्षेत्र की मासिक बैठक मंगलवार को अमरिया में निजी फॉर्म हाउस पर विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में तहसील, ब्लाक बूथवार सक्रियता पर जोर देते हुये वक्ताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सपा के नीति, कार्यक्रमों को जनता तक ले जाएं जनता की समस्याओं का प्रभावी निराकरण कराने की पहल करें।
बैठक में मुख्य अतिथि सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुये कहा समाजवादी पार्टी पदाधिकारी कार्यकताओं का दायित्व है कि वे निरन्तर जनता के बीच बने रहें उनकी समस्याओं के निराकरण का प्रयास करें। विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी ने कहा दवाई, पढ़ाई, विकास के मोर्चो पर अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर संघर्ष को जारी रखने के साथ ही पदाधिकारी, एवं कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मार्गदर्शन में पार्टी की मजबूती में जुट जायें। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव सरदार पलविंदर सिंह ने कहा आज किसानों को उनकी फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जबकि खाद, बीज और डीजल आदि के दाम बढ़ रहे हैं सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान ने उनके स्तर

पर जितना संभव होगा हर स्तर पर पार्टी के साथ क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण कर जनता के हित में कार्य किए जाएंगे। सपा की मासिक बैठक में जिला कोषाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य गयासुद्दीन मंसूरी,समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के निवर्तमान प्रदेश सचिव शीबू अखलाक मलिक, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मास्टर निरंजन कुमार गंगवार, बलकार सिंह, अदील मलिक,जगपाल गुप्ता, राशिद मलिक मम्मा, राम नरेश यादव, अखलाक मलिक, अनवर तारिक भूरा वारसी मोहम्मद फैज अंसारी, राशिद खान, नदीम बिल्लू, आजाद बिहारी, यूसुफ मलिक, जगदीश सिंह मोहम्मद अफरोज आदि ने पार्टी की मजबूती के साथ ही समाजवादी विचारधारा से जन मानस को जोड़ने और जमीनी धरातल पर बूथ स्तर से सेक्टर स्तर तक मेहनत करने पर जोर दिया गया।

देवेन्द प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह व सारिका सिंह के मकान को किया गया कुर्क जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,46,81,269/- रुपये है।

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

बहराइच जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी के दिनांक 21.10.2024 के आदेश के अनुक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय की उपस्थिति में मु0अ0सं0 125/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत देवेन्द प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र स्वर्गीय रामफल सिंह निवासी मोहनपुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच व उनकी पत्नी सारिका सिंह का मोहल्ला रायपुर राजा, केडिया अस्पताल, जेल रोड, थाना कोतवाली देहात स्थित मकान को कुर्क किया गया है। जो देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह द्वारा की गयी आपराधिक कृत्यों से अर्जित अचल सम्पत्ति थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,46,81,269/- रुपये है। मौके पर तहसीलदार सदर, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात परमानन्द तिवारी, अपराध निरीक्षक आलोक सिंह तथा अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद थे।

गढ़वाखेड़ा में अवैध रूप से चल रहा फिरोज नर्सिंग होम, शिकायत

अवैध नर्सिंग होम संचालकों के आगे स्वास्थ्य महकमा नतमस्तक

संस्कार उजाला

पूरनपुर, पीलीभीत। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी मौत का सौदा करने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं। अवैध नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। इनके आदमी पूरे क्षेत्र में फैल हुए हैं। यह गरीबों का शोषण कर मरीजों को अपने जाल में फंसा कर निजी अस्पतालों में ले जा रहे हैं और उनसे मोटी रकम वसूल रहे हैं।लिहाजा लापरवाही की वजह से ऐसे नर्सिंग होम में आए दिन जच्चा-बच्चा की मौत होती रहती है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की मानें तो स्वास्थ्य कर्मियों की सांठगांठ व कमीशन के बलबूते अवैध नर्सिंग होम संचालन का धंधा फल फूल रहा है और फर्जी नर्सिंग होम संचालकों के हौसले बुलंद हैं।इसी तरह सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गढ़वाखेड़ा में अवैध रूप से चल रहे फिरोज नर्सिंग होम की एक ग्रामीण के द्वारा सीएमओ से शिकायत की गई है। जिसमें फिरोज नर्सिंग होम के संचालक पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत पत्र में बताया गया है कि गढ़वाखेड़ा में मेन हाईवे रोड पर स्फिरोज नर्सिंग होमश नाम से अवैध हास्पिटल का संचालन किया जा रहा है जिसमें बिना डिग्री एवं बिना लाइसेंस वाले डाक्टरों द्वारा अवैध रूप से गर्भवती महिलाओं के आप्रेशन द्वारा प्रसव, गैर कानूनी भ्रूण जांच, गैर कानूनी गर्भपात व हास्पिटल के अन्दर चल रहे मेडिकल स्टोर से नशीली एवं प्रतिबन्धित दवाइयों का क्रय विक्रय किया जा रहा है। आरोप है कि उक्त



हास्पिटल संचालक द्वारा बड़ा सा बोर्ड लगाकर तथा क्षेत्र के लोगों को गुमराह करके चिकित्सा / प्रसव आदि के नाम पर मोटी रकम ऐठकर मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड किया जा रहा हैं। इनकी गलत चिकित्सा के कारण कई महिला मरीजों की मृत्यु भी हो चुकी है। किन्तु हास्पिटल संचालक द्वारा उनके परिजनों से सांठ गांठ करके रूपया देकर उनको शान्त कर दिया जाता है। यह हास्पिटल क्षेत्र के लोगों के लिए घातक है। ग्रामीण ने सीएमओ को शिकायत पत्र देकर हॉस्पिटल व संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अवैध रूप से संचालित ऐसे नर्सिंग होम की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों को भी है। लेकिन, इन पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़े ही दौड़ाए जाते हैं। इन संचालकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं होने से विभागीय अधिकारियों पर साठगांठ के आरोप भी लगाए जाते रहे हैं। यही नही यहां मरीजों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने के बाद भी उन्हें समुचित उपचार मुहैया नहीं कराया जाता है।

संक्षिप्त डायरी

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से अधिक से अधिक पात्र लोग लाभान्वित करने हेतु लगाए जाए कैंप : एडीएम राजेश

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार ने अपने पत्र में अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना(पी0एम0जे0जे0वाई0) एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से अधिक से अधिक पात्र लोगों को आच्छादित किये जाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर विगत 15 अक्टूबर, 2024 से 15 जनवरी, 2025 तक कैम्प लगाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना वर्ष 2015 से प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत 2 लाख का जीवन बीमा एवं दुर्घटना बीमा एक न्यूनतम प्रीमियम राशि पर गरीब एवं वंचित लोगों को उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। उन्होंने बताया कि जनपद में गत 15 अक्टूबर, 2024 से 15 जनवरी, 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर पात्र लोगों को पंजीकृत कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों/खण्ड विकास अधिकारियों/तहसीलदारों, अग्रणी शाखा प्रबन्धक एवं वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक भारतीय जीवन बीमा निगम बॉदा को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन कर उक्त योजनाओं में सभी पात्र नागरिकों को लाभ दिलाकर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करें।

पराली दान-महादान अभियान चलाकर पुण्य लाभ करें अर्जित : डीएम नगेंद्र

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

जिलाधिकारी बांदा नगेंद्र प्रताप ने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधियों / ग्राम पंचायतों के सम्मानित व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा है कि जनपद में अन्ना पशुओं द्वारा कृषकों की फसल को क्षति से बचाने के दृष्टिकोण से संचालित स्थायी/अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश की उदरपूर्ति हेतु धान की पराली की नितान्त आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने आग्रह किया कि धान की पराली नष्ट न करें तथा गोवंश संरक्षण के लिए एकमत होकर गो सेवा के पुनीत कार्य के पुण्य लाभ को प्राप्त करने हेतु अपने ग्राम पंचायत के ग्रामवासियों से स्वेच्छानुसार निःशुल्क रूपराली दान-महादानरू अभियान चलाकर संरक्षित गोवंशीय पशुओं की उदरपूर्ति हेतु समस्त पराली-दाताओं को जनहित/ कल्याणकारी कार्यों हेतु प्रेरित करते हुए ग्राम पंचायत के किसी एक सुरक्षित स्थान पर पराली एकत्रित करायें एवं गो संरक्षण जैसे पवित्र कार्य में अपना सक्रिय योगदान प्रदान करने का कष्ट करें। समस्त दानदाता मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बाँदा के मोबाइल नं0-9340274370 अथवा जिला कृषि अधिकारी, बाँदा के मोबाइल नं० 9455213794 पर अगर दान देने के इच्छुक हो, सूचित करें।

गंगा उत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ भव्य आयोजन

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा जनपद के भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन नदी आरती स्थल पर गंगा उत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर भव्य आयोजन किया गया जिसमें बांदा जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा देश के वीर अमर शहीदों के नाम दीपदान किया गया तत्पश्चात बुंदेलखंड के विश्व प्रसिद्ध दिवारी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जिसमें दूर दराज से आए कलाकारों ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। दिवारी कला प्रदर्शन में रमेश पाल के कलाकारों द्वारा अदभुद प्रदर्शन किया गया जिसने सभी को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में जेके छलिया ग्रुप के द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकियां का प्रदर्शन किया गया जो अत्यंत ही आकर्षक और आनंद से भरपूर रहा। इन सब कार्यक्रमों के पश्चात के जल महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। आपको बता दे कि यह कार्यक्रम के उत्सव के उपलक्ष्य में तथा जिला प्रशासन के सानिध्य में एवं जिला गंगा समिति, गंगा समग्र कानपुर प्रांत, एवं विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दूर दराज से आए कलाकारों ने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया तथा सैकड़ों हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम इकट्ठा रहा। इस मौके में उपस्थित वन प्रभागीय अधिकारी अरविंद कुमार, एसडीओ प्रोर्मिला सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विनोद जैन, अजय सिंह, जयवीर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा, जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम, जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण चंद्र प्रजापति, नमामि गंगे जिला संयोजक राकेश सिंह राठौड़, सभासद फूलचंद वर्मा, गंगा समग्र गंगा वाहिनी प्रमुख अनीता शुक्ला, रीना गुप्ता, शिवानी सिंह गौतम, सदर तहसील अध्यक्ष विनय प्रजापति, संदीप सेन, नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मड़ौली गांव के लोगों ने बालू माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल किया जोरदार प्रदर्शन

एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने खोला जाम

संस्कार उजाला एजेंसी बांदा

बांदा में सैकड़ों ग्रामीणों ने मड़ौली खदान के रास्ते में जाम लगा दिया। सूचना कै बाद मौके पर पहुंचे पैलानी एसडीएम शशिभूषण ने किसानों से बातचीत करने के बाद आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। पैलानी क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने संचालित मड़ौली बालू खदान के रास्ते में जाम लगा दिया और आर पार की लड़ाई लड़ने की बात कही। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और बालू माफिया के मिली भगत के गंभीर आरोप भी लगाए हैं। दरअसल पूरा मामला पैलानी थाना अंतर्गत मड़ौली गांव में संचालित मड़ौली बालू खदान का है जहां आस पास के गांव मड़ौली, पडोहरा, अवांरा और नांदा देव के सैकड़ो ग्रामीण खदान के रास्ते में जाम लगाकर बैठ गए राहुल परिहार निवासी मड़ौली खुर्द, केदार कोरी निवासी मड़ौली, इंदराज सिंह

निवासी नांदादेव और देशराज सिंह मड़ौली खुर्द सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया की बालू माफिया संतोष यादव ने जबरन उनके खेत से रास्ता बना लिया है जिसका कोई मुआवजा भी नही दिया है वहीं षणयंत्र के तहत सम्मलित खेती में परिवार के एक सदस्य से एग्रीमेंट करा लिया है जो प्रशासन के सामने पेस करते हैं। किसानों की सैकड़ो बीघे की फसल नष्ट कर दी है वहीं रास्ते के अगल बगल के खेतों में धूल जा रही है जिसके चलते वो फसल भी खराब हो रही है ,आलम यह है की इस फसल को जानवर भी नही खाएंगे पानी का बिल्कुल छिड़काव नही किया जाता, साथ ही यह भी कहता है की इसी बालू में गड्ढा करवाकर दफन कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया की ये लोग नदी में भी अवैध खनन कर रहे है प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से नदी का दोहन किया जा रहा है कुआं नुमा बड़े बड़े गड्ढे खोद रहे है जो भविष्य में ग्रामीणों के लिए मौत का सबब बनेंगे। वहीं नदी के जीव जंतु भी बड़ी मात्रा में मारे जा रहे हैं। नीचे से उपर तक जिले के अधिकारियों को शिकायत पत्र दिया गया पर कोई सुनवाई नहीं हो रही, मजबूर जाम लगाना पड़ा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पर आरोप लगाते हुए और बालू माफिया भी यादव है इसके चलते कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने कहा बालू माफियाओं का कहर यहीं नहीं रुका है माफियाओं ने चंद्रावल नदी को दो जगह से प्रतिबंधित कर रास्ता बना रखा है जिससे जलधारा प्रभावित हो गई है जो किसानों के लिए भविष्य में जानलेवा साबित होगा। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा अगर जिला प्रशासन न्याय नहीं दिला पता और माफियाओं पर अंकुश नहीं लगा पता तो वह कानून हांथ में लेने को तैयार हैं। नियम कानून जनता के उत्थान के लिए बनाए गए है दमन के लिए नहीं। वहीं पैलानी एसडीएम मौके पर पहुंचे और सभी किसानो की शिकायत सुनी साथ ही सभी को न्याय का भरोसा दिलवाया और जाम खत्म कराया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा में मंगलवार 05 नवंबर 2024 को उच्च प्राथमिक विद्यालय जारी- 1 में भारतीय संस्कृति को समृद्ध कर युग निर्माण के गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आदर्शों को समाज में प्रसारित एवं छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति के बीजारोपण हेतु युग निर्माण का संकल्प लेते हुए छात्रों की बुद्धि को प्रखर करने हेतु भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024- 25 का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय जारी एक (समस्त विद्यालय परिवार) बड़ोखर खुर्द, बाँदा द्वारा किया गया।

जुआ खेलते हुए चार लोगों को किया गिरफ्तार

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा जुआ खेल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। थाना अतर्रा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अतर्रा के बदौसा रोड से दिलीप कुमार गुप्ता के मकान में दबिश देकर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से माल फड़ व जामा तलाशी के रुपये एवं ताश के पत्ते बरामद हुए है। बरामदगी में 52 अदद ताश के पत्ते, माल-फड़ व जामातलाशी से 5620 रुपये बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्त में दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र नत्थू प्रसाद निवासी संजय नगर थाना अतर्रा जनपद बांदा, आशीष कुमार पुत्र अश्वनी निवासी संजय नगर थाना अतर्रा जनपद बांदा, सुशील सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी संजय नगर थाना अतर्रा जनपद बांदा, महेश पुत्र सत्यनारायण निवासी तिलक नगर थाना अतर्रा जनपद बांदा मौजूद रहे। जिनपर थाना अतर्रा जनपद बाँदा में मु0अं0सं0 276/24 धारा 13G एक्ट मामला पंजीकृत किया गया।

एक वर्षीय बालिका का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर प्रथम किश्त का योगदान का दिया उपहार

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5.ड के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में मंगलवार 05 नवंबर 2024 को डाक विभाग के सहयोग से पुलिस लाइन कैम्प लगवाया गया जिसमें पुलिसकर्मियों की 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाए गए । इस दौरान पोस्ट मास्टर बांदा नरेन्द्र पाण्डेय व उनकी टीम द्वारा पुलिसकर्मियों को महिलाओं व बालिकाओं लिए डाक विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन बचत व बीमा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा पुलिस लाइन में नियुक्त कर्मचारी धीर सिंह की एक वर्षीय पुत्री आरवी को प्रथम किश्त का उपहार देते हुए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया गया । कैम्प के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिला सम्मान बचत पत्र भी लिए ।

चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया गया पेश

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा तीन वारन्टी अभियुक्तों व थाना कमासिन पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय में पेश किया गया। थाना गिरवां पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटी में राजकरन पुत्र लुन्जा यादव निवासी कोलावल रायपुर थाना गिरवां जनपद बांदा,राजेश पुत्र रामनारायण यादव निवासी कोलावल रायपुर थाना गिरवां जनपद बांदा,रामऔतार पुत्र बद्री यादव निवासी कोलावल रायपुर थाना गिरवां जनपद बांदा रहे। थाना कमासिन पुलिस द्वारा गिरफ्तार वारंटी मे चुनवाद पुत्र सियाराम यादव निवासी डभनी थाना बिसण्डा जनपद बांदा।

सिविल कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव लोक निर्माण को भेजा ज्ञापन

संस्कार उजाला

लखीमपुर - खीरी।

लखीमपुर सिविल कांट्रेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने लोक निर्माण विभाग द्वारा नवीनीकरण के कार्यों पर पांच वर्षीय अनुरक्षण की व्यवस्था आनन फानन में प्रभावी किये जाने के विरोध में मुख्यमंत्री,प्रमुख सचिव लोक निर्माण व प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के कई जिले बाढ़ प्रभावित हैं जिसमें सड़कें महीना भर पानी मे डूबी रहती हैं एवं बहुत से जिलों में जल जीवन मिशन (ग्रामीण/शहरी) के कार्य चल रहे हैं,उसमें कोई मानक तय नहीं है।उक्त के सम्बंध में अवलोकनीय है कि पांच

वर्षीय अनुरक्षण के सम्बंध में बिना कोई परीक्षण/मानक तय किये ही शासनादेश जारी कर दिया गया है जबकि अनुरक्षण कैसे और किस प्रकार किया जाएगा उसका कोई उलेकख नहीं किया गया है एवं विभाग द्वारा उक्त शासनादेश का संज्ञान लेते हुए निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं जिस वजह से ठेकेदारों को काफी हानि होगी।मार्गों के नवीनीकरण के उपरांत जहां पर अनुरक्षण कराया जाना है वहां पर सड़कों की मोटाई कम है।वहां किस मानक से कार्य होगा ,बिना उसके संबंध में संपूर्ण निर्देश जारी किए बिना सम्भव नहीं है। जनपद खीरी यूपी का सबसे बड़ा जनपद है।जिसका 40 से 60 प्रतिशत भाग बाढ़/अतिवृष्टि से प्रभावित रहता है जिस कारण से सड़कें महीनों जलमग्न रहती हैं।जिसके साथ ही जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत मार्गों की कटिंग करके पाइपलाइन डाले जाने का कार्य कराया जा रहा है,जिसका भी मानक तय करते हुए अनुरक्षण की कार्यवाही हेतु निर्देश निर्गत किये जायें।सरिया/सीमेंट की दरें शिड्यूल ऑफ रेट में मार्किट की प्रचलित दरों से काफी कम हैं तथा ठेकेदारों को कार्य कराने हेतु अधिक दरों पर सरिया/सीमेंट खरीद कर मार्ग निर्माण में प्रयुक्त किया जाता है जिस कारण से हम ठेकेदारों पर काफी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।अतः शिड्यूल ऑफ रेट को पुनरीक्षित करते हुए दरें निर्गत की जाएं।इंटरलॉकिंग की दरें शिड्यूल ऑफ रेट में पूर्व मूल्य से बहुत कम हैं जिसे भी मार्केट की प्रचलित दरों के अनुरूप कराया जाए। ज्ञापन में उक्त बिंदुओं का अवलोकन करने हेतु संबंधित को अपने स्तर से यथोचित निर्देश निर्गत करने की मांग की गई है। ज्ञापन पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार और महामंत्री भुवन कुमार गुप्ता के हस्ताक्षर हैं।

छठ पूजा की सुरक्षा को लेकर डीजीपी प्रशांत कुमार ने दिए निर्देश

संस्कार उजाला

देवेंद्र कुमार मिश्रा

लखनऊ छठ पूजा को मद्दे नजर रखते हुए पुलिस महानिदेशक ने निर्देश देते हुए कहा छठ पूजा को सकुशल संपन्न करना प्रशासन की जिम्मेदारी है उन्होंने अपने संबोधन में कहा जरूरत के मुताबिक ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए नदी के घाटों, तालाबों ,जलाशयों के किनारे पुलिस,गोताखोरों की तैनाती की जाए जरूरत के मुताबिक कार्यक्रम स्थल की बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड से चेकिंग के चेकिंग

करते हुए हर जिले में एंटी रोमियो स्क्वायड को बाजारों में तैनात किया जाएतथा छोटी से छोटी घटनाओं पर भी सीनियर अफसर पहुच कर निगरानी करते हुए नदी के किनारों पर पटाखे चलाने की संभावना को देखते हुए फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए रेलवे स्टेशनों,बस अड्डों पर पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध रहे संवेदनशील स्थान की सीसीटीवी कैमरों ,ड्रोन कैमरों से निगरानी,फुट पेट्रोलिंग की जाए सोशल मीडिया पर अफवाह, भड़काऊ मैसेज पर सख्त कार्रवाई की जाए

सरकार जेल में बैठे अपराधियों पर अंकुश लगा देती है तो हरियाणा में अपराध काफी हद तक काम हो जाएगा- बजरंग गर्ग

सरकार को व्यापारियों की सुरक्षा के लिए आर्म लाइसेंस बनाने चाहिए- बजरंग गर्ग

संस्कार उजाला

हरियाणा /हिसार (गरिमा) :

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कॉन्फैड के पूर्व वेयरमैन बजरंग गर्ग ने व्यापारियों की मीटिंग लेने के उपरांत निजी होटल में पत्रकार वार्ता में कहा कि अपराधियों द्वारा कपड़ा व्यापारी की दुकान पर फायरिंग करके 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले अपराधियों की तीन दिन से ना पकड़ने पर प्रदेश के व्यापारियों में बड़ा भारी रोष है। हरियाणा में व्यापारी ना तो घर पर, ना ही दुकान पर, ना ही रोड पर सुरक्षित है। सरकार को प्रदेश के व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता की जान-माल की सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने की जरूरत है और फतेहाबाद में कपड़ा व्यापारी की दुकान पर फायरिंग करके फिरौती मांगने वाले अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन ने तुरंत कपड़ा व्यापारी पर फायरिंग व 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने वालों को गिरफ्तार नहीं किया तो व्यापार मंडल सड़कों पर उतर कर जोरदार आंदोलन करेगा। जिसके लिए हरियाणा बंद करना पड़ा तो हरियाणा बंद भी किया जाएगा। जब हरियाणा में व्यापारी सुरक्षित नहीं होगा

तो व्यापारी व्यापार कैसे कर सकता है। आज 24 घंटे व्यापारी व उद्योगपतियों को लूटपाट व फिरौती का डर बना रहता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में व्यापारी व उद्योगपतियों के साथ लूटपाट, फिरौती, हत्याओं की वारदातें होना आम बात हो गई है। हरियाणा का व्यापारी अपनी जान-माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह भयभीत है जबकि अपराधी जेलों में बैठकर अपना गैंग चला रहे हैं। यहां तक कि अपराधी जेलों से मोबाइल से फोन करके फिरौती व मंथली मांग रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि जेलों में अपराधियों के पास मोबाइल कहां से आया इसका सीधा मतलब है कि जेल प्रशासन अपराधियों से मिला हुआ है। जेल में किसी भी अपराधी के पास मोबाइल मिलता है तो सरकार को तुरंत प्रभाव से जेल अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए अगर सरकार जेल में बैठे अपराधियों पर अंकुश लगा देती है तो हरियाणा में अपराध काफी हद तक काम हो जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को व्यापारियों की सुरक्षा के लिए आर्म लाइसेंस बनाने चाहिए जबकि आर्म लाइसेंस बनाने के लिए व्यापारियों को सरकारी दफ्तरों में चक्कर लगाने पड़ते हैं। महीनों चक्कर लगाने के बाद भी बिना सेवा शुल्क दिए लाइसेंस नहीं बनते जिसके कारण व्यापारी हारकर लाइसेंस नहीं बनवाता है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के फतेहाबाद प्रधान अशोक नारंग, अग्रोहा धाम वैश्य समाज जिला प्रधान सुरेंद्र मित्तल, व्यापार मंडल प्रदेश सचिव श्याम सुंदर बंसल, मदनलाल छाबड़ा, विनोद अरोड़ा, अशोक खट्टर, गजेंद्र आहूजा, राजेंद्र गलहोत्रा, पवन नागपाल, प्रेम आहूजा आदि प्रतिनिधि मौजूद थे

बी पी के एम के शिष्टमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री की अध्यक्षता में कृष्ण बेदी से पत्रकारों की मांगों बारे की चर्चा

संस्कार उजाला

हरियाणा/हिसार (गरिमा) :

पवन आश्री ,विवेक शर्मा । भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजिस्टर्ड राष्ट्रीय मुख्यालय कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में हरियाणा सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री व हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी के समक्ष हरियाणा के पत्रकारों की पेंशन बढ़ा कर 15 हजार से बढ़ा कर कम से कम 40 हजार रुपये करने ,टोल टैक्स पर पत्रकारों के वाहनों का आवागमन निःशुल्क करने, पत्रकारों की पेंशन की उम्र 60 वर्ष की बजाए 55 वर्ष करने, मान्यता नियमो का सरलीकरण करने , पेंशन हेतु एक्रीडिशन को 5 वर्ष से कम कर के 2 वर्ष करने, पत्रकारिता में एक्सपीरियंस 20 वर्ष की बजाए 5 वर्ष करने,हरियाणा सरकार के पत्रकार कल्याण कोष से गंभीर रूप से बीमार व विपदाग्रस्त पत्रकारों को 10 लाख रुपए तक की मदद प्रदान करने,हरियाणा सरकार द्वारा जल्द से जल्द नए सिरे से एक्रीडिशन कमेटी का गठन करने व गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी रिकोनाइजेशन के आधार पर मान्यता व पेंशन प्रदान करने के साथ साथ देश हित मे सोशल मीडिया के माध्यम से रेगुलर सकारात्मक पत्रकारिता करने वालो को मान्यता देने की मांग की है। पवन आश्री ने इस अवसर पर मंत्री कृष्ण बेदी को अटल बिहारी वाजपेयी के लोकप्रिय राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र व राष्ट्रीय समाचार पत्र उर्दू में प्रकाशित उन

की व हरियाणा सरकार की इम्प्रेसिव कवरेज वाले न्यूज पेपर की प्रतियां भी भेंट की जिस की मंत्री ने सराहना करते हुए समस्त वीर अर्जुन परिवार का आभार जताया और कहा कि जिस प्रकार इस न्यूज पेपर में किसी जमाने मे भारत के तत्कालीन सवर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी अपनी निर्भीक लेखनी से समाज हित मे सकारात्मक पत्रकरिता किया करते थे वैसे ही यह समाचार पत्र भविष्य मे भी देशहित में अपनी निर्भीक लेखनी से अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। इस से पूर्व भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के शिष्टमंडल ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का मंत्री बनने पर इस लिये भी आभार जताया क्यों कि कृष्ण बेदी ने ही अपने पूर्व काल मे राज्यमंत्री के तौर पर शिमला में हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच की ओर से पत्रकारों को पेंशन दिलाने की मांग की थी जिस के बाद कृष्ण बेदी ने मंच के सदस्यों के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिल कर हरियाणा के पत्रकारों के लिये पहली बार हर मास 10 हजार रुपए पेंशन लागू करवाने का कार्य किया था भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व साजसेवा में भारत के राष्ट्रपति महोदय से अवार्डी पवन आश्री, भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह व मंच के सक्रिय सदस्य विवेक शर्मा ने बुके दे कर मंत्री कृष्ण बेदी का भव्य वेलकम भी किया और आशा जताई कि मंत्री कृष्ण बेदी ने जिस प्रकार अपने राज्यमंत्री होते हुए शिमला में हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच की ओर से आयोजित पत्रकारिता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि हरियाणा के पत्रकारों की पेंशन तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर से मिल कर हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच की ओर से पेंशन की मांग पूरी करवाई थी उसी प्रकार वे फिर से भारतीय पत्रकार कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री,राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर दुग्गव राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह आदि द्वारा हरियाणा के पत्रकारों की पेंशन 15 हजार से 40 हजार बढ़वाने व अन्य सभी उपरोक्त मानगो के लिये हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिल कर पत्रकारों के हित मे अवश्य कार्य करेंगे

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत हरडाखेडी में चल रहे मनरेगा के कार्यों एवं प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

चकरोड का कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप न मिलने पर व्यक्त की कडी नाराजगी

- कार्यों को शीघ्रता से मानक के अनुरूप करने के दिए निर्देश
- शैक्षिक गुणवत्ता ज्ञानवर्धन के लिए जरूरी - जिलाधिकारी
- बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी दें जानकारी- मनीष बंसल
- विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के दिए निर्देश

संस्कार उजाला ब्यूरो

सहारनपुर,। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने ग्राम पंचायत हरडाखेडी में चल रहे मनरेगा के कार्यों एवं प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मनरेगा के अन्तर्गत बन रहे चकरोड के कार्य को गुणवत्तापरक एवं निर्धारित मानक के अनुरूप न मिलने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। कार्य को देखकर यह प्रतीत हो रहा था कि जैसे कार्य आज ही प्रारंभ किया गया हो। कार्य की प्रगति धीमी एवं खराब पाए जाने पर टेक्निकल असिस्टेंट और सचिव को चेतावनी जारी करते हुए निर्देशित किया कि भविष्य में लापरवाही पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित चकरोड की राजस्व विभाग से जानकारी लेते हुए कार्य को मानक के अनुरूप पूरा किया जाए। मनरेगा के अन्तर्गत किये जा रहे सभी कार्यों में मानकों का पालन किया जाए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया समय-समय पर किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता से कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित कराएं। प्राथमिक विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड डे मील की गुणवत्ता को परखा जो ठीक पाई गई। जिलाधिकारी ने कक्षा 05 के बच्चों से साधारण प्रश्न किये तो वे ठीक से जवाब नहीं दे पाए। इस पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए 01 माह के अन्दर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी जानकारी दी जाए। इस अवसर पर, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उपायुक्त स्वतः रोजगार इन्द्रपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी नीरू मलिक सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कुंडा कलां के युवक की महाराष्ट्र में संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

संस्कार उजाला सहारनपुर

युवक की मौत को परिजनों ने बताया हत्या,साथी फरार

गंगोह। थाना गंगोह क्षेत्र के गांव कुंडा कलां निवासी मुत्तलिब पुत्र युनुस दुधिया जो महाराष्ट्र के जिला हिंगोली क्षेत्र में था जिसका अचानक इंतेकाल हो गया है।कोतवाली में तहरीर देते हुवे परिजनो ने आरोप लगाते हुवे बताया कि पैसे के लेन देन की रंजिश के चलते मुत्तालिब को जहरीला पदार्थ देकर उसे मार दिया है। वहीं परिजनो का आरोप है कि पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अभी तक कोई कारवाई नहीं की गई जबकि आरोपी मरने के समय से ही फरार है। बता दे कि गंगोह क्षेत्र के ग्राम कुंडा कला निवासी मुत्तालिब पुत्र यूनुस दुधिया गांव के ही इकबाल पुत्र खिला आदि के साथ महाराष्ट्र में साइकिल का कार्य करने के लिए गया था इकबाल का मुत्तालिब के साथ पैसो का लेन-देन था जिसकी वजह से काफी दिनों से दोनों में रंजिश भी चल रही थी गांव के जिम्मेदार लोगों की बात मानकर मृतक मुत्तालिब पुत्र यूनुस आरोपी इकबाल पुत्र खलील उर्फ खिला के साथ महाराष्ट्र के जिला हगोली साइकिल के कार्य में चला गया था। 3 नवंबर को देर रात अचानक परिवार के ही एक युवक पर फोन आता है की मुत्तालिब की अचानक मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और जांच पड़ताल शुरू कर दी।जैसे तैसे करके मृतक मुत्तालिब को वहां से लाने के लिए कहा गया तो इकबाल पुत्र खलील उर्फ खिला पहले ही वहां से फरार हो गया और साथ में रह रहे दूसरे युवक उसे लेकर उनके पैतृक गांव कुंडा कलां पहुंच गए जहां मृतक के भाई अकरम ने मंगलवार को थाना गंगोह में तहरीर देकर भाई की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

संक्षिप्त डायरी

विधायक चौधरी किरत सिंह ने फरियादियों की बीच सड़क में सुनी फरियाद और किराया समाधान

संस्कार उजाला

मनोज त्यागी सहारनपुर गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह क्षेत्र में लगातार जनता के हित के कार्यों को लेकर लगातार जनता के दिलों में अपनी जगह बनते जा रहे हैं - मंगलवार को विधायक किरत सिंह गंगोह कस्बे के विकास और समस्याओं का समाधान को लेकर भ्रमण कर रहे थे - इसी दौरान बीच सड़क कस्बे के मोहल्ला गुलामऔलिया निवासी एक पीड़ित परिवार को सड़क पर देख विधायक ने अपनी गाड़ी रूकवाई और पीड़ित कि समस्या को सुना - पीड़ित परिवार ने कल शाम से अपनी दो युवतियों के गायब होने कि बात विधायक को बताई - विधायक ने समस्या को सुनकर तुरंत थाना प्रभारी गंगोह को पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण के लिए आदेशित किया - विधायक चौधरी कीरत सिंह की कार्य शैली से जनता में उनकी एक अलग पहचान बन रही है - विधायक चौधरी किरत सिंह जनता हित के कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहते हैं - जिसको लेकर उनकी विपक्ष भी तारीफों में कसीदे पढ़ने लगा है

रैन बसेरों में सर्दी से बचाव के सम्पूर्ण उपाय किए जाएं - जिलाधिकारी

कोई भी व्यक्ति खुले में न सोने पाए- मनीष बंसल

संस्कार उजाला ब्यूरो

सहारनपुर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आगामी सर्दी के दृष्टिगत कम्बल वितरण, अलाव जलाये जाने एवं शेल्टर होम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए समाज के संभ्रांत व्यक्तियों, उद्यमियों, व्यापार बंधुओं, अधिकारियों एवं गन्ना मिल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी संभ्रांत व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा कि गरीब, असहाय और निराश्रितों को ठंड से बचाव के कार्य के लिए अधिक से अधिक सहयोग करें। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्दी और शीतलहर के दृष्टिगत रैन बसेरों में सर्दी से बचाव के साथ ही साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाये जाने के साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोने पाये। उसकी रात रैन बसेरे में ही गुजरनी चाहिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम को शहर के अलग अलग क्षेत्रों में 200 व्यक्तियों की क्षमता वाले रैन बसेरे बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ नगर पालिकाओं में आवश्यकतानुसार रैन बसेरे बनाने के निर्देश भी दिए। जिला पंचायत को मेडिकल कॉलेज के पास 50 लोगों की क्षमता वाला रैन बसेरा बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेन बसेरा में अलाव के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सभी संभ्रांत नागरिकों एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन के सहयोग एवं निराश्रितों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, एस0पी0 ग्रामीण सागर जैन, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, एआरटीओ प्रशासन एमपी सिंह, आलोक कुमार अग्रवाल, अनूप खन्ना, अनुपम गुप्ता सहित समाज के संभ्रांत नागरिक एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक से साइबर क्राइम एवं अन्य अपराधों के बारे में ली जानकारी।

संस्कार उजाला संवाददाता क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र के प्रशासनिक भवन में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा की उपस्थिति मे दैनिक जागरण फाण्डेशन द्वारा बाल संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद सोनभद्र के थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र के विभिन्न स्कूल के छात्र एवं छात्रओं ने आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र से साइबर क्राइम, महिला सम्बन्धी अपराध, बाल अपराध, लैगिंक उत्पीड़न सहित अन्य अपराधों एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत यमुना तट पर किया गया गंगा उत्सव का आयोजन

संस्कार उजाला ब्यूरो

सहारनपुर, नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्र स्तर पर मनाये जा रहे गंगा उत्सव अभियान की श्रृंखला में जिला गंगा समिति द्वारा विकासखंड गंगोह की ग्राम पंचायत मानपुर स्थित यमुना तट पर गंगा उत्सव का आयोजन किया गया। गंगा उत्सव के अंतर्गत शिव मंदिर मानपुर से यमुना तट तक गंगा कलश यात्रा तथा यमुना आरती का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड गंगोह के प्रमुख प्रतिनिधि चौधरी दिनेश ने उपस्थित ग्रामीण एवं क्षेत्रवासियों को भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा नदियों के पुनर्जीवन हेतु चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होने ग्रामीणों का आवाहन किया कि नदियों की पवित्रता बनाए रखने के लिए किसी भी तरह का कूड़ा कचरा नदियों में प्रवाहित न होने दे। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि हम सब प्रयास करेंगे कि यहां यमुना घाट विकसित कराया जाए। गंगा उत्सव के नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल प्रसाद ने उपस्थित जन समुदाय को अभिप्रेरित किया कि यमुना नदी हमारी धार्मिक मान्यताओं समेत जीवन से जुड़ी हुई पवित्र नदी है। हम सब मिलकर नदी के पुनर्जीवन हेतु सतत प्रयास करें। इस अवसर पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पंजीकृत संस्कृत समूह द्वारा सचिन गायक की टीम ने सुंदर स्वच्छ गंगा गीत की प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वच्छता सलाहकार देव भास्कर पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद चौधरी, डायरेक्टर सरसावा समिति सुनील चौधरी, पूर्व ग्राम प्रधान सनी चौधरी, सीडीपीओ कुसुम लता, महिलाओं ने यमुना आरती की।

संक्षिप्त डायरी

मण्डल स्तर पर आयोजित होगा पेंशन अदालत।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

सोनभद्र। वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह ने अवगत कराया है कि आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में 25 नवम्बर 2024 को उनके कार्यालय सभागार में पूर्वाह्न 10.30 बजे पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। विन्ध्याचल मण्डल के सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निवारण इस अदालत में किया जाना है। इस दौरान राजकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त कर्मियों के ऐसे मामले, जिनकी पेंशन/ग्रेच्युटी स्वीकृत न हुयी हो, पेंशन के त्रुटिपूर्ण निर्धारण के विरूद्व पेंशनर द्वारा दिये गये प्रत्यावेदन पर पर विचार, सेवानिवृत्त के उपरान्त यदि वेतन आदि का पुनरीक्षण किया गया है, तो तद्नुसार पेंशन पुनरीक्षण के मामले ऐसे प्रकरण जिनके निस्तारण में प्रशासनिक विभाग और पेंशन विभाग में मतभेद हो, तथा ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में लम्बित हो परन्तु पेंशनर उसे अदालत से बाहर निस्तारित कराने के इच्छुक हो तथा ऐसे पेंशनरों के प्रकरण जो माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित है, प्रकरण लम्बित रहने की स्थिति में उन पर विचार नही किया जा सकता, तथा पेंशनरों की अन्य शिकायतों के संबध में। पेंशन अदालत में वाद दाखित करने हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप विन्ध्याचल मण्डल, के जिला कोषागारों में उपलब्ध है। उक्त आवेदन पत्र तीन प्रतियों में भरकर सम्बन्धित जनपद के मुख्य ६ वरिष्ठ कोषाधिकारियों के कार्यालय में 12 नवम्बर 2024 के अपराह्न 03.00 बजे तक उपलब्ध करा दें। अपूर्ण आवेदन पत्रों एंव अन्तिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष के लिए सोनभद्र से खड़ा होगा एक उम्मीदवार: रमाशंकर पोया

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

सोनभद्र। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) सोनभद्र 18 नवंबर को वाराणसी में होने वाले प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में अबकी बार अपनी दावेदारी करेगा। इसके लिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं को वाराणसी पहुंचकर दमखम दिखाने का आहवान किया गया है। इसके अलावा 17 नवंबर को कोटा ग्रान पंचायत के बसुधा गांव में बिरसा मुंडा की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। जिला कार्यालय तेलगुड़वा में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी की हुई बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष रमाशंकर पोया ने कहा कि 18 नवंबर को वाराणसी में प्रदेश अध्यक्ष का चयन होना है। अबकी बार सोनभद्र से अपना एक उम्मीदवार रहेगा। इसके लिए अधिक से अधिक कार्यकताओं को वाराणसी पहुंचकर अपना दमखम दिखाना होगा। जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया ने कहा कि सोनभद्र में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण सोनभद्र के चार विधानसभा क्षेत्र में से दो विधानसभा ओबरा और दुद्धी अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इसलिए सोनभद्र जिले का प्रदेश अध्यक्ष बनना चाहिए। जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने कहा कि सोनभद्र की चार और चंदौली जिले की एक विधानसभा को मिलाकर रॉबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र बना है जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, बावजूद इसके इस सीट पर अनुसूचित जनजाति का उम्मीदवार जीत हासिल किया हैं। जिससे साफ जाहिर होता है कि अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या अधिक है। इसलिए सोनभद्र का प्रदेश अध्यक्ष होना निहायत जरूरी है। युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ज्ञानी सिंह पोया ने बताया कि 17 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती कोटा ग्राम पंचायत के बसुधा गांव में मनाई जाएगी। वक्ताओं ने सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाने के साथ ही 18 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में वाराणसी पहुंचने का आहवान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया व संचालन जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने किया। बैठक में हीरालाल मरपची, रामचंद्र टेकाम, शिव प्रसाद अरमो, देवा सिंह ओइके, श्रीराम टेकाम, हीरालाल मरकाम, दयाशंकर सिंह कोरचो,देव कुमार आयम, सूर्यबली मरपची, रामरतन केराम,अमर सिंह, श्याम बिहारी मरकाम आदि मौजूद रहे।

पम्पलेट वितरित करते हुये यातायात नियमों के बारे में किया गया जागरुक।

संस्कार उजाला

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।

सोनभद्र। यातायात नियमों के बारें में अधिक से अधिक जागरुक करने व वाहन दुर्घनाओं मे कमी लाने के उद्देश्य से जनपद में यातायात जागरुकता माह नवम्बर-2024 के रुप में एक वृहद जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम मे दिनांक 05.11.2024 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात तथा जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज व थाना चोपन क्षेत्रांतर्गत भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाकर आमजनमानस/वाहन चालको को पम्पलेट वितरित कर यातायात के नियमों के बारे मे विस्तृत रुप से जानकारी देकर उन्हे बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट, खतरनाक ढंग से वाहन न चलाने,वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करने, नशे की स्थिति में वाहन न चलाने,वाहनों पर स्टंन्ट न करने की अपील की गयी व अपने आस-पास के लोगों को भी इसके बारे में जानकारी देकर जागरुक करने हेतु प्रेरित किया गया ।

24 दिसम्बर से 05 जनवरी तक अम्बेडकर स्टेडियम में होगी अग्निवीर भर्ती रैली

रैली के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में हुई बैठक

संस्कार उजाला नेहा शर्मा

अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अग्निवीर भर्ती की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों एवं सेना के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जनपद में अग्निवीर भर्ती के तहत भारतीय सेना की ओर से 24 दिसम्बर से 05 जनवरी तक रैली का आयोजन किया जाना है। यह रैली डा0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में होगी। रैली में प्रदेश के 13 जनपदों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। रैली में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, हापुड, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी आएंगे। बैठक में सेना के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने अधिकारियों को रैली के मद्देनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में 15 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जनपद में प्रतिदिन लगभग 1500 अभ्यर्थी आएंगे। डॉ0 अर्चना द्विवेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों को उचित व्यवस्थांए समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को पेयजल, साफ-सफाई, बेरीकेटिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइट, शौचालय, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को पर्याप्त मात्रा में बसों को संचालन करने एवं अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी यातायात सिद्धार्थ वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण एवं सेना भर्ती के अधिकारी मौजूद रहे।

सफाई कर्मियों ने कार्य से किया वहिष्कार, साफ सफाई हुई ठप्प।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

डाला/सोनभद्र। बिना कारण बताए नगर पंचायत के हुक्मरानों द्वारा आउटसोर्सिंग सुपरवाइजरों को काम पर आने से मना करने से सफाई कर्मचारियों में हडकंप मच गया, नाराज सुपरवाइजरों सहित सफाई कर्मियों ने मंगलवार की सुबह कार्य वहिष्कार कर दिया। सफाई ठप होने की जानकारी होते ही आनन फानन में नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने समझा-बुझाकर काम पर वापस भेज दिया तब जाकर नगर की सफाई बहाल हो सकी।नगर पंचायत के आउटसोर्सिंग सुपरवाइजरों की मानें तो इसके पूर्व भी उनको बिना कारण बताए काम पर नहीं आने का निर्देश जारी हो चुका है। सोमवार को भी चार डाला नगर पंचायत के सुपरवाइजर किशन , संतोष, लव ,विकास पांण्डेय को बगैर कारण बताए नगर पंचायत कर्मचारी ग्रुप में मैसेज भेजकर काम पर आने से मना कर दिया। सुपरवाइजरों ने यह जानकारी लेना चाहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष या अधिशासी अधिकारी किसके कहने पर यह आदेश जारी हुआ है इसका जबाब उनको नहीं मिल पाया। नाराज सुपरवाइजर व सफाई कर्मचारी मंगलवार की सुबह शहीद स्थल पहुँच कर कार्य वहिष्कार करने की हुंकार भरने लगे, एकत्र होने की ज्यों ही इसकी जानकारी नगर पंचायत अध्यक्ष फूलवंती कुमारी व अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज को हुई तो नाराज कमीयी को समझाने के बाद सुपरवाइजर व सफाई कर्मी अपने अपने काम में लग गए। नगर पंचायत की ढुलमुल रवैया के कारण आस्था के इस छठ महापर्व पर छठ घाटों की समुचित साफ सफाई कार्य नहीं हो पाया जिसके कारण आस्थावान लोगों में तरह तरह की चचाओं का बाजार गर्म है इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज ने बताया कि सुपरवाइजरों की शिकायत मिलने पर डाला नगर पंचायत अध्यक्ष के आदेश से एक दिन के लिए उनको बैठाया गया था आज सभी को बहाल कर दिया गया है।

ठेकेदारों द्वारा कछुए की चाल से काम कराया जा रहा है

टंकी निर्माण की अवधि समाप्त, निर्माण कार्य अधूरा पड़ा

संस्कार उजाला संवाददाता

सहारनपुर। गंगोह क्षेत्र मे जल जीवन मिशन के तहत बन रही टंकी का हाल बेहाल है। एक तरफ जनता को लग रहा था कि डबल इंजन की सरकार बनने से उन्हें बहुत अधिक योजनाओं का लाभ मिलेगा परंतु ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के चलते योजनाएं सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह जाती है। ऐसा ही ताजा मामला तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बुड्ढाखेड़ा में इन दिनों जल जीवन मिशन के तहत हर घर मुफ्त नल कनेक्शन देने की सरकार की योजना ठेकेदार एवं अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण साकार नहीं हो पा रही है। ग्राम बुड्ढाखेड़ा मे जल निगम की ओर से 567.77 लाख रुपये से 400 किलोलीटर क्षमता वाली पानी टंकी का 5 अप्रैल 2023 में निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। इसको 4 अप्रैल 2024 को पूर्ण कराया जाना था। लेकिन निर्माण की तय समय सीमा से पांच माह बीत जाने के बाद भी पेयजल टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। गांव के अधिकांश हैंडपंप खराब है, जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। जहाँ भीषण गर्मी के चलते ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ गई थी। आलम यह है कि जिन घरों में नल कनेक्शन लगाए गए हैं। उनमें अधिकांश में पानी आना तो दूर पानी की बूंद तक नहीं टपक रही है। क्षेत्र मे पानी की यह समस्या चिलचिलाती धूप एवं लू के बीच और भी ज्यादा विकराल हो गई थी। इसे लेकर ग्रामवासी परेशान है तथा उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामवासी पूछ रहे हैं कि सरकार ने मुफ्त का नल तो लगवा दिया है पर इस नल में जल कब आएगा। वही ग्रामीणों मे फारुक अली, इरफान अली, खुर्शीद, बिल्लू, ओमपाल सैनी, सत्यपाल सैनी, वासिद, फतह, सारिक, राजू, सचिन, सौरव, गौरव आदि ने बताया की लाखों रुपये की लागत से एक वर्ष पूर्व गाँव की पानी की टंकी विभागीय उपेक्षा के चलते शोपीस बनी हुई है। दुख: तो यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में पाइप बिछा दिये लेकिन टंकी का निर्माण आज तक नही हुआ। एक वर्ष पूर्व जब इस टंकी का उद्घाटन हुआ था तो लोगों को लगा कि अब उन्हें स्वच्छ जल मिल सकेगा लेकिन ऐसा नही हुआ। इस दौरान ठेकेदार काम छोडने की कगार पर है। जिसने अभी तक अपना काम अधूरा छोड़ रखा है। इस मामले में संबंधित विभाग के अधिकारी भी किसी तरह का इस मामले मे संज्ञान नहीं ले रहे हैं। इस मामले की शिकायत कई बार पीएच विभाग के अधिकारियों से की गई लेकिन किसी तरह का उन्होंने संज्ञान नहीं लिया गया है। ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए काम कर रहे हैं टंकी निर्माण कार्य पूरा करने की कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है। टंकी के पाईप बिछे, इससे पानी सप्लाई नहीं गंगोह क्षेत्र मे बन रही पानी की टंकी मे पीएचई विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर कही ठेकेदार ने नल कनेक्शन का काम किया अधूरा, तो कहीं टंकी लीकेज तो कहीं सफेद हाथी सिद्ध हो रहा टंकी, अधिकारी ठेकेदार मस्त ग्रामीण और आम नागरिक त्रस्त है। जहां ठेकेदार ने टंकी के पाईप तो बिछा दीये, लेकिन आज तक इससे पानी सप्लाई नहीं हुआ है। उनमें आधिकांश की टोटियां सूखी पड़ी हैं। यहां ठेकेदार ने पीएचई से बिल पास कराने लोगों से आधार कार्ड लेकर उनके घरों के सामने आनन-फानन में सिर्फ कनेक्शन पाइप लाकर छोड़ दिया है। इन सभी वाक्य को देखते हुए यह लगता है कि इन भ्रष्टाचारियों पर उनके आकांशाओं का पूर्ण रूप से संरक्षण प्राप्त है। नहीं तो अधिकारी कर्मचारी व ठेकेदार पर कार्रवाई होती तो इस तरह का कृत्य करने से वह डरते। इसके लिए तो जिला प्रशासन को ऐसे ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर देना चाहिए। ठेकेदार घटिया निर्माण करने से बाज नही गंगोह मे केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल के लिए लाखों रुपए खर्च किया जा रहा है परंतु ठेकेदार घटिया निर्माण करने से बाज नहीं आ रहे है। ग्रामीणों के घरों तक नल लगाने के लिए पाइप लाइन विस्तार में गुणवत्ताहीन सामान का उपयोग किया जा रहा है, तो वहीं पानी टंकी प्लेटफार्म का कार्य काफी घटिया स्तर का कम सरिया डाल कर किया जा रहा है। वहीं ढलाई के लिए 4-1 की जगह 8-1 के सीमेंट कंक्रीट मसाला डाल कर प्लेटफार्म ढलाई का कार्य ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है

गैर जमानती वारंट में वंछित दो दर्जन अभियुक्त गिरफ्तार।

संस्कार उजाला

क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।

रॉबर्ट्सगंज/सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर सोनभद्र के पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में दिनांक 05.11.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा करीब दो दर्जन वांछित चल रहे अभियुक्तों को भिन्न-भिन्न स्थानो से गिरफ्तार किया गया व अग्रिम कार्यवाही में उपरोक्त सभी अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध गैर जमानती वारण्टी व धारा जा0फौ0 जारी किया गया था।

छठ पर ट्रेनें फुल: खिड़की से घुस रहे यात्री

महिला का पति खोया, यात्री बोले- भीड़ इतनी कि मोबाइल चोरी हो गए

लखनऊ। सूर्य उपासना का महापर्व छठ कल से है। लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। ऐसे में ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ है। हालत यह है कि ट्रेन में पैर रखने तक की जगह नहीं है। यात्री घंटों लटककर सफर करने को मजबूर हैं। सबसे खराब स्थिति जनरल कोच में यात्रा करने वाले लोगों की है। ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्री इमरजेंसी विंडो से अंदर जाते दिखे। एक बोगी में 500 से अधिक लोग यात्रा करने को मजबूर हैं। लोगों ने कहा- महापर्व है, हर हाल में घर जाना है, गेट पर बहुत भीड़ है, इसलिए विंडो से जाना पड़ रहा है। मथुरा से गोरखपुर जा रही बुजुर्ग महिला राधिका की आंखों में आंसू थे। कहा- ट्रेन में हमारे पति खो गए हैं। उनका पता नहीं चल रहा है। इतनी भीड़ है कि बैठने को जगह नहीं मिल रही। टॉयलेट और गेट के पास में परिवार के तीन सदस्य बैठे हुए हैं। मथुरा से हम लोग बैठे थे। राधिका ने कहा- लोग कह रहे उतर जाओ, कहां जाओगी। गाड़ी में जगह नहीं है। टॉयलेट नहीं जा पा रहे हैं। लड़के दबा देते हैं। तीन दिन से खाना नहीं खाया है। थोड़ा सा चूरा और मीठा खा लेते हैं। पैसे नहीं हैं। पूरा परिवार परेशान हो गया है। इस दौरान यात्रियों ने ट्रेनों में व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। चारबाग स्टेशन पर ट्रेन नंबर 15076 के पहुंचने पर यात्रियों में सीट पर कब्जे के लिए मारामारी शुरू हो गई। ट्रेन के रुकने के पहले ही लोग बैठने लगे। इस बीच धक्कामुक्की भी शुरू हो गई। लोग अपने बैग और बोरियों को लेकर दौड़ते रहे। अंदर सीट पर बैठने को लेकर भी झगड़ा भी होने लगा। कोई सीट पर बैठने के लिए गेट के रास्ते घुसने के लिए जबरदस्ती करता दिखा तो कोई खिड़की से ही बैग, बच्चों और महिलाओं सहित खुद ट्रेन के अंदर चला गया। मौके पर आरपीएफ के जवान भी तैनात किए गए थे, लेकिन स्थिति को नियंत्रण करने में उनके हाथ-पांव भी फूल गए। ट्रेन नंबर 15076 के लखनऊ पहुंचने पर चारबाग स्टेशन से एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी हो गया।

वहीं, एक व्यक्ति का पर्स और मोबाइल चोरों ने गायब कर दिया। गीता देवी ने बताया कि बेटे के साथ फाफामऊ इलाहाबाद जा रहे हैं। बेटे अवनीश द्विवेदी का मोबाइल लोगों ने जेब से निकाल लिया है। घंटी जा रही है, लेकिन फोन नहीं उठा है। मामले में जीआरपी से शिकायत की है। गीता ने कहा कि ट्रेन में बैठने के लिए मारामारी हो रही है। लोग परेशान हैं। रेलवे को इंतजाम करना चाहिए। लखनऊ आवाजाही करने वाली उन ट्रेनों के जनरल बोगी में अधिक भीड़ देखने को मिल रही है जो दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और चंढीगढ़ से आ रही हैं। इसमें जनरल बोगी में बहुत खराब स्थिति है। लोगों को बैठने के लिए ट्रेन में जगह नहीं मिल रही है। लोग 24 घंटे खड़े होकर यात्रा करने को मजबूर हैं। इसमें सबसे अधिक यात्री पूर्वांचल और बिहार के हैं। ट्रेनों में यात्रियों को 24 घंटे तक गेट, टॉयलेट में खड़े होकर यात्रा करना पड़ रहा है। यात्रियों ने रेलवे से शिकायत कर सुविधा बढ़ाने की मांग की, लेकिन निराशा का सामना करना पड़ रहा है। एक यात्री ने ट्रेन के लखनऊ पहुंचने पर कहा कि ट्रेन में खड़े होने की जगह नहीं है। हम खड़े होकर जा रहे हैं। 24 घंटे से अधिक का समय हो रहा है। यात्री जावेद का कहना है कि सीट नहीं मिली है। हम लोग परेशान हो गए हैं। रेलवे को सुविधा बढ़ानी चाहिए। अमन कश्यप ने कहा कि जयपुर से आ रहे हैं। जगह नहीं मिल रही है।

गोरखपुर रेलवे स्टेशन ने बनाया नया रिकॉर्ड

गोरखपुर । दुनिया के सबसे लंबे प्लेटफॉर्म वाले गोरखपुर रेलवे स्टेशन ने एक नया बेंचमार्क सेट किया है। 4 नवंबर को यहां से रिकॉर्ड 195 ट्रेनें गुजरीं, जिनमें सवा लाख से ज्यादा पैसेंजर्स ने अपने डेस्टिनेशन के लिए ट्रैवल किया। रेलवे अथॉरिटी का मानना है कि छठ फेस्टिवल के बाद यह रिकॉर्ड और भी आगे बढ़ सकता है। दिवाली और छठ जैसे बड़े त्योहारों को देखते हुए गोरखपुर स्टेशन पर पैसेंजर की भीड़ काफी बढ़ गई है। कुछ लोग अपने घर की ओर लौट रहे हैं, तो कई स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स अपने वर्कप्लेस के लिए ट्रैवल कर रहे हैं। इस हाई डिमांड को मैनेज करने के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों की संख्या को बढ़ाया है। सोमवार को स्टेशन पर 195 ट्रेन गुजरने के साथ एक नया रिकॉर्ड बना, जिससे पैसेंजर्स की संख्या एक ही दिन में सवा लाख तक पहुंच गई। सीपीआरओ ने बताया कि इस बार पैसेंजर्स की कन्विनियंस के लिए मैक्सिमम फैसिलिटीज प्रोवाइड की जा रही हैं। पैसेंजर्स की भीड़ को देखते हुए गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पांच लोकेशन्स पर एक्स्ट्रा वेटिंग एरिया बनाए गए हैं। वीआईपी गेट, प्लेटफॉर्म नंबर 1, 9, 5 और 7 पर ये वेटिंग एरियाज सेटअप किए गए हैं ताकि पैसेंजर्स आराम से रुक सकें। साथ ही, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर जनरल टिकट के लिए एक एडिशनल काउंटर भी ओपन किया गया है।

संक्षिप्त डायरी

बौद्ध संग्रहालय के कला बीथिका का 830 ने किया अवलोकन

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। राजकीय बौद्ध संग्रहालय पहुंचे ताईवानी पर्यटकों व शिक्षक व छात्र छात्राओं ने संग्रहालयं की कला वीथिका कर कला व संस्कृति की जानकारी ली व सरदार पटेल पर प्रदर्शित छाया चित्र का भी अवलोकन किया। मंगलवार को स्पेशल टूर प्रोग्राम के अंतर्गत भ्रमण करते हुए ताइवान के 230 पर्यटक बुद्धा मार्ग स्थित राजकीय बौद्ध संग्रहालय पहुंचे और बीथिकाओं में प्रदर्शित कलाकृतियों का अवलोकन कर कला एवं संस्कृति के विविध पक्षों की जानकारी ली। इसी क्रम में प्रसिद्ध नाथ पब्लिक एकेडमी महिला नगरी कुशीनगर, लॉर्ड बुद्धा एकेडमी नदाव सिद्धार्थनगर, अल्पेंन कान्वेंट पब्लिक स्कूल मऊ, पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मूडघाट बस्ती, कस्तूरबा राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगर क्षेत्र बस्ती, समेकित शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के 600 छात्र-छात्रा अपने शिक्षकों के साथ पहुंचे तथा जानकारी प्राप्त की। साथ ही भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी का भी ताईवानी पर्यटकों, विद्यार्थियों व शिक्षकों ने अवलोकन किया। सभी का संग्रहालय सहायक तेज प्रताप शुक्ला ने उनका स्वागत किया इस अवसर पर संग्रहालय के धीरेन्द्र मिश्रा, नसीरुद्दीन बेग, तरुण मौजूद रहे।

गोरखपुर में वकीलों का प्रदर्शन

गोरखपुर। गाजियाबाद में जिला जज और अधिवक्ताओं के बीच हाल ही में हुए विवाद ने पूरे उत्तर प्रदेश में हलचल मचा दी है। इस घटना को लेकर वकीलों में गहरी नाराजगी है, जो अब विरोध प्रदर्शन के रूप में सामने आ रही है। आज गोरखपुर में वकीलों ने अंबेडकर चौराहे पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और जिला जज तेज प्रताप तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें रखीं। कुछ दिन पहले गाजियाबाद में अधिवक्ताओं और जिला जज के बीच तीखी झड़प हो गई थी। अधिवक्ताओं का आरोप है कि गाजियाबाद के जिला जज ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि प्रशासन का सहारा लेकर उन्हें पीटवाया भी। इस घटना से अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया है और पूरे प्रदेश में वकील एकजुट होकर इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। वकीलों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल उनके सम्मान पर आघात हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में भी खलल डालती हैं। गोरखपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भानु प्रताप पांडे के नेतृत्व में वकीलों का एक बड़ा समूह अंबेडकर चौराहे पर एकत्र हुआ और जिला जज तेज प्रताप तिवारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद जिला जज द्वारा अधिवक्ताओं से की गई मारपीट और प्रशासन का सहयोग लेकर उन्हें पिटवाने की घटना निंदनीय है। पांडे ने बताया, ह्वयह मामला वकीलों के सम्मान का है। अगर हमारे अपने क्षेत्र में भी न्यायालय का संचालन उचित नहीं होगा तो आम जनता का क्या होगा? गोरखपुर के वकील यह भी मांग कर रहे हैं कि राज्य सरकार तत्काल अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करे। अधिवक्ताओं का कहना है कि उनके खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं, और इस कानून की कमी के कारण वे असुरक्षित महसूस करते हैं। पांडे ने कहा, ह्वहम बार-बार सरकार से यह कानून लागू करने की मांग कर रहे हैं, ताकि हमारे पेशे को सुरक्षा मिल सके और हम बेखौफ होकर न्याय के लिए लड़ सकें। गोरखपुर के इस विरोध प्रदर्शन में अन्य जिलों के वकीलों ने भी समर्थन दिया है।

हरैया में हार्ट अटैक से होमगार्ड की मौत

बस्ती । कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बनकटा दुबे गांव के निवासी होमगार्ड रिक्खी राम मौर्य की सोमवार रात अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। रात करीब 9 बजे दिल का दौरा पड़ने पर वे बेहोश हो गए। परिवार और ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। होमगार्ड रिक्खी राम मौर्य के असामयिक निधन से उनके परिवार में मातम छा गया है। उनके परिवार में मां शांति देवी, पत्नी साधना देवी, 8 वर्षीय बेटा अरुण और 6 वर्षीय बेटी अनुष्का हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के अनुसार, रिक्खी राम ने सोमवार को बस्ती में जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय में ड्यूटी की थी और शाम 5 बजे घर लौटे थे। घर पहुंचने के बाद वे बाजार से सब्जी लाए और भोजन के बाद शौच के लिए बाहर गए, तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ा। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही उनके होमगार्ड साथी भी रात में उनके घर पहुंच गए और परिवार को सांत्वना देने का प्रयास किया। कप्तानगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

शत्रु संपत्ति की जांच करने पहुंची टीम

कानपुर। मंगलवार को शत्रु संपत्ति की जांच करने के लिए एक टीम कानपुर पहुंची। टीम ने स्वरूप नगर स्थित नागेश्वर विला में जांच की। विला में रहने वाले लोगों ने शत्रु संपत्ति पर आपत्ति लगाई थी। जिसका निस्तारण करने के लिए शत्रु संपत्तियों के कस्टोडियन लखनऊ से मुख्य पर्यवेक्षक ओम प्रकाश गुप्ता और पर्यवेक्षक कैप्टन एसके सिंह कानपुर पहुंचे। टीम ने स्वरूप नगर में जांच के बाद रावतपुर स्थित गार्डन (116/630) की भी जांच की। बता दें कि दिल्ली में शत्रु संपत्ति मामले में सुनवाई होनी है। जिसमें टीम आपत्तियों का निस्तारण करने के लिए कानपुर पहुंची थी। टीम ने स्वरूप नगर स्थित गैस्ट्रो लीवर अस्पताल में भी जांच की। देश छोड़कर पाकिस्तान व बांग्लादेश में रहने वालों की करोड़ों रुपये की शत्रु संपत्तियों पर अब कब्रिस्तान संचालित हैं या तो फ्लैट या आलीशान मकान बन गए हैं। कुछ का रिहायशी परिसर के रूप में प्रयोग हो रहा है।

छठ घाटों व बेदियों की मरम्मत, रंग रोगन का कार्य हुआ तेज

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पर्व की तैयारियां तेज हो गयीं हैं। नदी, तालाब और जलाशयों के किनारे बने घाटों की साफ - सफाई और छठ घाटों व बेदियों की मरम्मत, रंग रोगन का कार्य तेज हो गया है। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड संख्या 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर डुमरी स्थित हिरण्ड्यवती नदी के सिसवा - महन्थ घाट, डुमरी स्थित पोखरा, शिवराज पट्टी, सूखा टोला व वार्ड संख्या 11 विवेकानंद नगर में बने छठ घाटों का सभासद विजेंदर कुमार कुमार सिंह उर्फ भगत सिंह व सभासद प्रतिनिधि अजेंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण किया और घाटों के साफ - सफाई व छठ बेड़ियों की रंगाई पुताई के निर्देश नपा कर्मियों को दिए। इस अवसर पर छात्र संघ के पूर्व महामन्त्री अशोक सिंह, राकेश कुमार सिंह दिनेश यादव, रामप्रीत सिंह, संजय प्रकाश उर्फ माल बाबू आदि मौजूद रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ पूजा के अवसर पर छठ घाटों की साफ - सफाई और छठ बेदियों का निर्माण व रंगाई - पुताई का कार्य तेजी से चल रहा है। ग्राम प्रधान गण कार्यों को लेकर अपने मातहतों को लगातार निर्देश दे रहे हैं।

भक्ति या ज्ञान ही नहीं, विनम्रता और समर्पण भी आवश्यक: डा. इंद्रजीत पाण्डेय

संवाददाता

कुशीनगर। विकास खण्ड तमकुही के अमरवा खुर्द में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा के दूसरे दिन राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कथा वाचक डा.इंद्रजीत पाण्डेय ने नारद मोह कथा का वर्णन करते हुए कहा कि इस कथा में एक गहरा आध्यात्मिक संदेश छुपा हुआ है कि अहंकार और मोह में फंसकर स्वयं को सर्वोच्च मानने वाला व्यक्ति कैसे भ्रमित हो सकता है। कथा का आरम्भ करते हुए उन्होंने कहा कि नारद मुनि अपने ज्ञान और भक्ति पर अत्यधिक गर्व करते हुए भगवान विष्णु से कहे कि प्रभु मै मोह माया से विरत हो गया हूं। अब इसका प्रभाव मुझपर कभी नहीं होगा। प्रभु को लगा कि नारद को घमंड हो गया है जो एक भक्त के लिए उचित नहीं है। भगवान

विष्णु ने अपनी माया से एक सुंदर नगर का निर्माण किया । नारद मुनि वहां के राजकुमारी के सौंदर्य को देखकर आकर्षित हो गए और उन्होंने भगवान विष्णु से प्रार्थना की कि उन्हें एक सुंदर रूप प्रदान करें। जिससे राजकुमारी उन्हें पसंद कर सके। भगवान ने नारद को वानर का चेहरा दे दिया। जब नारद ने यह देखा तो उन्हें बहुत दुख हुआ और उन्हें अपनी भूल का एहसास हुआ। भगवान विष्णु ने नारद को बताया कि यह उनकी माया थी। जिससे वह प्रभावित हो गए थे। कथा वाचक ने कहा कि चाहे व्यक्ति कितना भी ज्ञानी या भक्तिमान हो, अहंकार और मोह उसे भ्रमित कर सकते हैं। भगवान विष्णु ने नारद को सिखाया कि केवल भक्ति या ज्ञान ही नहीं, बल्कि विनम्रता और समर्पण भी आवश्यक हैं। यह कथा भक्ति और आंतरिक शांति के मार्ग पर अहंकार को छोड़ने की प्रेरणा देती है। कथा के पूर्व यजमान प्रभुनाथ सिंह ने सपत्नीक विधि विधान से व्यास गद्दी का पूजन किया।

लखनऊ में टैक्स नहीं देने पर दुकानें सील

लखनऊ । हाउस टैक्स नहीं जमा करने पर दुकानों को सील किया जा रहा है। निगम द्वारा यह कार्रवाई जोन के यहियागंज और जोन चार के गोमती नगर इलाके में की गई। सुबह 10 बजे से पहले दुकानों को सील कर दिया गया। यहियागंज में 150 साल पुराना बाजार है। अभियान तब चला जब बाजार में कोई नहीं था। दुकान मालिक को भी इस कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। नगर निगम ने इससे पहले सोमवार को भी यह कार्रवाई की थी। इसमें 13 जगहों पर यह कार्रवाई की गई थी। इस दौरान 4 लाख 50 हजार रुपए से ज्यादा की वसूली भी हुई थी। यहियागंज शहर का सबसे पुराना बाजार है। यहां दो दिन से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। दरअसल, बाजार खुलने के बाद यहां व्यापार मंडल की टीम नगर निगम का घेराव कर लेती है। ऐसे में टीम सुबह-सुबह पहुंच रही है। मुख्य कर अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि 3 हजार से ज्यादा बड़े बकाएदारों के यहां कुर्की करने की तैयारी है। इसके अलावा बाकी बकाएदारों के यहां नोटिस चस्पा और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य कर अधिकारी अशोक सिंह का कहना है कि शहर में मौजूदा समय में 3 लाख 20 हजार लोगों ने हाउस टैक्स जमा नहीं किया है। 50 फीसदी लोगों ने हाउस टैक्स जमा किया है। 6 लाख 40 हजार हाउस टैक्स जमा करने वाले लोग हैं। नगर निगम में अगर शतप्रतिशत हाउस टैक्स वसूली की जाए तो 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व आएगा।

छठ घाटों का नपं फाजिलनगर चेयरमैन शत्रुमर्दन शाही ने किया निरीक्षण

संवाददाता

कुशीनगर। फाजिलनगर आदर्श नगर पंचायत फाजिलनगर में मनाए जाने वाले छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए 15 वार्डों में चेयरमैन शत्रुमर्दन प्रताप शाही ने घाटों की साफ- सफाई और सजावट तय सीमा से पहले करने का निर्देश दिया।

छठ महापर्व की शुरूआत 7 तारीख को खाएं नहाए के साथ होगी जहां माताएं विशेष स्नान करके अपने पर्व की शुरूआत करेगी। आदर्श नगर पंचायत फाजिलनगर के 15 घाटों पर लाखों रुपए खर्च करके भव्य रूप से सजाया जाएगा । जहां माताएं अपने पुत्रों की लंबी आयु के लिए पूजा अर्चना करेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन प्रताप शाही ने बताया कि इस वर्ष छठ महापर्व पर 15 घाटों की साफ सफाई और सजावट पर्व से एक दिन पहले पूर्ण कर लिया जाएगा। हमारा प्रयास छठ पर्व पर 15 मानसरोवर पोखरे की भव्यता देखने लायक हो। छठ पर्व विशेषकर यूपी और बिहार में बहुत धूमधाम से बनाया जाता है इस पर्व पर श्रद्धालु 7 तारीख की शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देगे और 8 तारीख को उगते सूर्य को अर्घ्य प्रदान करेंगे यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि माता और पुत्रों के प्रति प्रेम और समर्पण का भी प्रतीक है। इस मौके पर सभासद कमलेश वर्मा राहुल सिंह,आनंद सिंह, श्यामू प्रसाद जेपी सिंह, रमेश पासी,शमशाद आलम, बैरिस्टर गुप्ता, रामसेवक सिंह, सफाई नायक रिंकू यादव, अरशद क्यूब नसीम, गुड्डू चौहान, मोनी इराकी आदि लोग उपस्थित रहे।

नगर अध्यक्ष ने किया नदी घाटों का निरीक्षण

बस्ती । नगर पंचायत में आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां तेजी से अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। नगर बाजार के श्री दुर्गा मंदिर स्थित तालाब की सफाई के साथ-साथ घाटों को व्रती महिलाओं के लिए अनुकूल बनाया जा रहा है। नगर पंचायत की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने मंगलवार को छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि तालाब के घाट पर बालू की बोरियां लगाई जा रही हैं, और पूजा स्थल पर सुरक्षा के लिए बैरिकेटिंग की जाएगी। छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं के मनोरंजन हेतु गोरखपुर की प्रसिद्ध गायिका शीतल राज, भजन गायक विक्रांत पाण्डेय, प्रवीण आहूजा, शुभम गुप्ता, राज कुमार प्रेमी, बिपिन गुप्ता सहित कई अन्य कलाकार मंच सजाएंगे। ठंडक को देखते हुए सभी श्रद्धालुओं को शाम और सुबह निःशुल्क चाय भी उपलब्ध कराई जाएगी। पिछले वर्ष चैन स्नैचिंग की घटनाओं के मद्देनजर, घाट के चारों तरफ ड्रोन कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत के वालंटियर्स भीड़ के बीच में रहकर संदिग्ध लोगों पर नजर रखेंगे। श्रीमती राना ने कार्यक्रम स्थल पर समुचित सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक सहित उच्च अधिकारियों से लिखित अनुरोध किया है। उन्होंने महिलाओं से अनुरोध किया कि वे पूजा स्थल पर अनावश्यक जेवरात और गहनों को न पहनकर आएं।

लखनऊ में तेज हुई छठ पूजा की तैयारियां, 15 लाख लोग होंगे शामिल

लखनऊ । छठ पूजा की तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर के लक्ष्मण मेला घाट पर पिछले तीन दिन से सफाई का काम चल रहा है। वहीं बाजारों में भी रौनक देखने को मिलने लगी है। लोग पूजा को लेकर फल, पूजन सामग्री और कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने कहा- लखनऊ में करीब 5 लाख लोग छठ पूजा करते हैं। करीब 15 लाख से ज्यादा की आबादी पूजा से सीधे

जुड़ी हुई है। एक परिवार पर औसतन 10 हजार रुपए से ज्यादा का खर्च आता है। आर्थिक स्थिति अच्छी होने पर यह खर्च लाखों रुपए में पहुंच जाता है। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने कहा- छठ पूजा से कारोबार को रफ्तार मिली है। कपड़ा और फल कारोबार प्रमुख

है। छठ पूजा की वजह से 500 से 600 करोड़ रुपए के बीच कारोबार होने लगा है। एक समय में लखनऊ में छठ पूजा का सामान नहीं मिलता था। आयोजकों का कहना है कि गोरखपुर और देवरिया से सामान थोक के हिसाब से मंगाना पड़ता था। लेकिन अब सीतापुर रोड समेत शहर के विभिन्न जगहों पर कारोबार होता है। छठ पूजा में गन्ने का कारोबार काफी ज्यादा होता है। एक व्रती पूजा की बेदी के पास पांच गन्ना रखता है। ऐसे में शहर में न्यूनतम 25 लाख गन्ने की खपत है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान विकास बालियान ने बताया कि पीलीभीत, लखीमपुर, मुरादाबाद, बरेली, बुलंदशहर समेत कई जिलों ने गन्ना आता है।

राहुल गांधी पर मानहानि के केस में फिर टली सुनवाई

सुलतानपुर । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था। परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश के कारण सुनवाई नही हो सकी। 31 अक्टूबर को कोर्ट में अवकाश होने के कारण सुनवाई मंगलवार को होनी थी। परिवादी से शेष जिरह के लिए 23 नवम्बर की तारीख नियत की गई है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। परिवादी से जिरह की कार्रवाई में मामले की सुनवाई नियत की गई है।

बरसाना में बरसे लाठी-डंडे, एक घंटे तक जमकर हुआ पथराव, एक की मौत

-मामूली कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात

मथुरा। बरसाना के गांव रांकोली में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी, डंडे चले व पथराव भी हुआ। इसमें बीच-बचाव करने आए एक बुजुर्ग की लाठी लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति है वहां पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को बरसाना क्षेत्र के राकोली गांव में देवीराम और रामधन में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि उसने संघर्ष का रुप ले लिया और दोनों पक्षों की तरफ से लाठी-डंडा व पथराव शुरु हो गया। करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच पथराव होता रहा। इस दौरान देवीराम चोटिल हो गया। वहीं बीच बचाव करने आए बुजुर्ग हीरालाल को डंडा लग गया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया था। वहीं बीच बचाव के दौरान एक बुजुर्ग हीरालाल की लाठी लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज लिया है और आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

कानपुर में अस्पताल के संचालक पर नर्स से बलात्कार का आरोप

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर में निजी अस्पताल के संचालक पर 22 वर्षीय नर्स का रेप करने का आरोप लगा है। रिपोर्टों के अनुसार, यह आशंका है कि रेप से पहले आरोपी ने नर्स को नशीला पदार्थ पिलाया, इसके बाद बेहोशी में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता पिछले कुछ माह से अस्पताल में नर्स के रूप में काम कर रही थी। बीती रविवार शाम को नर्स को अस्पताल के डायरेक्टर द्वारा आयोजित पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। तभी आरोपी डायरेक्टर इम्तियाज ने नर्स को आधी रात के आसपास अपने कमरे में बुलाकर जबरदस्ती अंदर खींचकर दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने रात में नर्स को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। कानपुर पुलिस ने नर्स की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी इम्तियाज को गिरफ्तार किया है। जहां अदालत में पेश किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह 22 साल की है और आरोपी के नर्सिंग होम में नर्स है। देर रात डायरेक्टर ने नाइट ड्यूटी के बहाने पार्टी के लिए रोका और उसके बाद अकेला पाकर मुझे कमरे में खींच लिया।

3 साल में बांधवगढ़ में 93 बाघों की मौत अभी 10 हाथियों की मौत एक साथ

भोपाल । बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पिछले तीन सालों में 93 बाघों की मौत हुई है। इन मोतों को रोकने में वन विभाग के अधिकारी असफल साबित हुए हैं। इस साल में भी 12 बाघ अभी तक मर चुके हैं। यह सभी मौतें टाइगर रिजर्व के अंदर हुई है। हाल ही में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 साथियों की मौत हुई है। रात भर हाथी चिंघाड़ते रहे। इसके बाद भी वन कर्मियों ने उनकी सुध नहीं ली। टाइगर रिजर्व में जिस तरह से वन्य जीवों की मौत हो रही है। उसको लेकर देश भर में चिंता प्रकट की जा रही है। वन्यजीवों की मौत का सिलसिला यहां पर रुक नहीं रहा है। लगातार वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायत शासन स्तर पर होती हैं। लेकिन पिछले तीन वर्षों में कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस बार कड़ा रुख अख्तियार किया है।

मध्य प्रदेश में तेजी से फैल रहा है लंमम्पी वायरस

नीमच । मध्य प्रदेश के नीमच और मंदसौर जिले में लंमम्पी वायरस का संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। पशु चिकित्सालयों में उपचार की व्यवस्था नहीं है। अस्पतालों में डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। अभी तक अकेले नीमच में 200 से ज्यादा मवेशियों की मौत उक्त वायरस के कारण हो चुकी है। मवेशियों को जो वैक्सीन डोज लगाए जाते हैं। उसका काम भी अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जब लंमम्पी वायरस तेजी के साथ फैल रहा है। उसके बाद पशु चिकित्सा विभाग ने 1 लाख वैक्सीन मगाने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे समझा जा सकता है,पशु चिकित्सा विभाग किस तरह से सजग है। लगभग एक माह से प्रदेश के कई हिस्सों में लंम्पी वायरस फैलने की जानकारी आना शुरू हो गई थी। उसके बाद भी पशु चिकित्सा विभाग द्वारा वैक्सीनेशन नहीं किया गया।

यूपी मदरसा बोर्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मौलाना महमूद मदनी ने किया स्वागत, जानें क्या कहा

लखनऊ (एजेंसी)। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया, इसे %न्याय की जीत% और %अंत में बहुत जरूरी रोशनी% बताया। भारतीय मुस्लिम समुदाय के लिए %सुरंग%. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शीर्ष अदालत का फैसला सराहना का पात्र है, उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसे फैसले देने के लिए न्यायपालिका, खासकर निचली अदालतों की आलोचना होती है, जो कुछ मामलों में अन्यायपूर्ण लगते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया जाना चाहिए। हमारी अदालतों और खासकर निचली अदालतों के खिलाफ शिकायत है कि उनके फैसले कई मामलों में न्याय के खिलाफ हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश की जियो और जीने दो% वाली टिप्पणी पर विचार करते हुए, उन्होंने प्रत्येक भारतीय के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में इसके महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत के मुसलमान निराश महसूस कर रहे हैं। इसके कई कारण हैं। मुझे लगता है कि यह फैसला सभी के लिए आश्वस्त करने वाला होगा। मैं यूपी मदरसा बोर्ड एसोसिएशन और टीचर्स एसोसिएशन को उनकी लड़ाई के लिए बधाई देता हूं।

मुस्लिम धार्मिक नेताओं और विपक्षी दलों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की वैधता को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि अब मदरसे पूरी आजादी के साथ चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाया गया कानून असंवैधानिक कैसे हो सकता है? इन मदरसों से हजारों लोग जुड़े हुए हैं और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उन्हें बड़ी राहत मिली है। अब हम पूरी आजादी के साथ अपने मदरसे चला सकते हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस के पैतृक गांव में उनकी जीत के लिए हुई विशेष पूजा

चेन्नई । अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के पैतृक गांव तिरुवनंतपुरम जिले के थुलसेंद्रपुरम में श्री धर्मस्थ मंदिर में उनके राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया। श्री धर्मस्थ मंदिर कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन का पैतृक मंदिर है। कमला के दादा पी.सी. गोपालन ने मंदिर के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मंदिर के बोर्ड पर दिखाया गया है कि कमला ने मंदिर को 5,000 रुपए का दान दिया, जो उनकी मौसी सरला ने उनकी ओर से किया। ग्रामीणों ने बताया कि पूरा गांव कमला के लिए प्रार्थना कर रहा है। उनके लिए कई पूजा आयोजित हुई हैं। उन्होंने कमला की सफलता के लिए गर्व महसूस कर कहा कि वह एक ऐसी महिला हैं जो वैश्विक मामलों को प्रभावित करने वाले पद के लिए लड़ रही हैं। गांव के लोग कमला की जीत के लिए उत्साहित हैं और यदि वह जीतती हैं, तो अन्नदानम (मुफ्त भोजन वितरण) के साथ जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं। डीएमके पार्षद अरुलमोझी और उनके पति टी सुथाकर ने चंदन, हल्दी और अन्य पवित्र वस्तुओं के साथ एक विशेष अभिषेक किया है, और मंदिर में पीठासीन देवता की पूजा की है।

महाराष्ट्र चुनाव के बीच शरद पवार ने दिया संन्यास लेने का इशारा... क्या पड़ेगा चुनाव पर असर

लखनऊ (एजेंसी)। मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के बीच, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने राजनीति से संन्यास लेने का इशारा किया हैं। 84 वर्षीय पवार, जो वर्तमान में राजनीति में सक्रिय हैं, ने कहा कि अब समय आ गया है कि नए नेताओं को मौका दिया जाए।

पवार ने अपने रिटायरमेंट पर कहा, कहीं रुकना ही पड़ेगा। मुझे अब कोई चुनाव नहीं लड़ना है। मुझे चुनाव को लेकर रुकना पड़ेगा और नए लोगों को मौका देने का समय आ गया। उन्होंने बताया कि 14 बार चुनाव लड़ा है और अब वह सरकार का हिस्सा नहीं रहना चाहते हैं। पवार ने अपने राज्यसभा कार्यकाल को लेकर भी विचार व्यक्त किया, इसमें अभी डेढ़ साल का समय है। उन्होंने कहा, इसके बाद मैं राज्यसभा में जाऊंगा या नहीं, इस पर मुझे विचार करना है। मैं अब चुनाव नहीं लड़ूंगा। मुझे अब एमएलए या एमपी नहीं बनना है। मैं लोगों की सेवा करना चाहता हूं। पवार ने कहा कि यदि उनकी विचारधारा के अनुसार सरकार बनती है, तब वे मजबूती से उसके साथ खड़ा रहूंगा। इस साल की शुरुआत में, अजित ने शरद पवार की उम्र को लेकर तंज करते हुए कहा था कि इस उम्र में उन्हें घर में रहना चाहिए। इसके जवाब में, शरद ने कहा कि उनकी उम्र पर टिप्पणी करने वाले अजित को समझना चाहिए कि उनके पास अभी भी राज्यसभा में काम करने का समय बचा है।

मुस्लिम बहनें भी बिना डर के घूमें, अगर कोई भी गुंडागर्दी करे तो ठोक दो: गडकरी

नागपुर (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुस्लिम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को भी बिना किसी डर के बाहर निकलना चाहिए और यदि कोई गुंडागर्दी करता है तो उसे सख्ती से निपटने की जरूरत है। गडकरी ने यह टिप्पणी नागपुर के ताज बाग में गुंडागर्दी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान की।

गडकरी ने कहा कि हमने नागपुर में इतनी मजबूत सड़कें बनाई हैं कि अब एक भी गड्ढा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैंने ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि अगर सड़क पर गड्ढे मिले तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। गडकरी का यह बयान ऐसे समय आया है जब वह कांग्रेस पर हमलावर थे और उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 सालों में जनता के लिए कुछ नहीं किया और हमेशा जातिवाद की राजनीति की है।

गडकरी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने मुसलमानों की चिकित्सा जरूरतों का ध्यान रखा है और उन्होंने यह नहीं पूछा कि किसी की जाति क्या है। हमने ताज बाग का सौंदर्यीकरण किया है और गुंडागर्दी को खत्म करने के लिए डिप्टी कमिश्नर से बात की है। उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम बहनें रात को ताज बाग के रास्ते पर सुरक्षा के साथ घूम सकती हैं। यदि कोई गुंडा उन्हें परेशान करे तो उसे ठोक दो और अगर कोई कुछ कहे तो मेरा नाम बताओ, मैं चिंता नहीं करूंगा। मेरी मां-बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए। गडकरी के इस बयान ने महिलाओं की सुरक्षा और राजनीतिक विमर्श में एक नई चर्चा छेड़ दी है, जिसमें वह एक मजबूत संदेश देते हुए नजर आ रहे हैं कि हर किसी को अपनी सुरक्षा के लिए खड़ा होना चाहिए।

दिल्ली में सर्वे का अनुमान : बीजेपी का खत्म होगा 28 साल का वनवास, 43.4 फीसदी वोट मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले एक सर्वेक्षण के अनुमान में इस बार बीजेपी की सरकार बनने का दावा किया जा रहा है। इस प्रकार यदि सर्वे की बात सच होती है तो दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का 28 साल का वनवास खत्म होने जा रहा है। सर्वे के अनुसार, दिल्ली में भाजपा को इस बार 43.4 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी के हालिया अंदरूनी सर्वे के बाद 2013 के बाद पहली बार लग रहा है कि वो दिल्ली में सरकार बनाने की स्थिति में आ जाएगी। दरअसल, बीते दिनों पार्टी के अंदरूनी सर्वे में आगामी विधान सभा चुनाव में 43.4 फीसदी वोट मिलने की संभावना के बाद बीजेपी ने इसको 46 फीसदी तक ले जाने का टारगेट रखा है। ऐसे में महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव नतीजों के बाद दिल्ली पर फोकस बढ़ेगा। दिल्ली के पड़ोसी राज्य हरियाणा में मिली जीत से उत्साहित बीजेपी का ध्यान इस वक्त महाराष्ट्र और झारखंड में भले हो लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर अमल अभी से शुरू हो गया है। लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में जिन वजहों से पीछे जाती है, उन पर अभी से ही पार्टी का फोकस है। इसके लिए आरएसएस के पदाधिकारियों ने हरियाणा की तर्ज पर पूरी ताकत लगा दी है और कार्यकर्ता हर बूथ पर 5 लोगों से मुलाकात कर रहे हैं।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्दारमैया समेत अन्य को जारी किया नोटिस

-आरटीआई कार्यकर्ता ने की मुडा मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से दायर रिट याचिका पर सीएम सिद्दारमैया और अन्य को नोटिस भेजा है। इस याचिका में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती, उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी, भारत संघ, राज्य सरकार, सीबीआई और लोकायुक्त को भी नोटिस जारी किया है। उन्होंने लोकायुक्त को मामले में अब तक की गई जांच का ब्यौरा पेश करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर तय की है।

इस बीच लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्दारमैया को 6 नवंबर को पूछताछ के लिए

बुलाया है। इससे पहले 25 अक्टूबर को लोकायुक्त ने सीएम की पत्नी पार्वती से भी पूछताछ की थी जो इस मामले में आरोपी हैं। सीएम पर आरोप है कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) ने उनकी पत्नी को 14 प्लॉट के आवंटन में अनियमितताएं की हैं। मामले में सीएम सिद्दारमैया, उनकी पत्नी पार्वती, स्वामी, देवराजू और अन्य लोगों का नाम शामिल है, जिन्हें मैसूर स्थित लोकायुक्त पुलिस द्वारा 27 सितंबर को दर्ज की गई एफआईआर में नामित किया है। स्वामी और देवराजू ने लोकायुक्त पुलिस के सामने गवाही भी दी है।

गौरतलब है कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) एक स्वायत्त संस्था है, जिसका कार्य शहर के विकास कार्यों के लिए भूमि के अधिग्रहण और आवंटन का है। इसे भूमि घोटालों की वजह से मुडा नाम दिया गया है। इस मामले से जुड़े अधिकारियों के नाम भी सामने आए हैं और इसे करीब पांच हजार करोड़ रुपए का घोटाला माना जा रहा है।

सीएम सिद्दारमैया पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में कहा है कि उनकी पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन ने कैसारे गांव में कुछ जमीन गिफ्ट के रूप में दी थी। इस जमीन को बाद में मुडा ने अधिग्रहित कर लिया और इसके बदले पार्वती को विजयनगर इलाके में 38,223 वर्ग फीट के प्लॉट दिए गए। आरोप है कि विजयनगर के प्लॉट की कीमत उनके मूल कीमत से काफी ज्यादा है, जिससे इन पर लगे आरोपी की पुष्टि होती है।

गैरकानूनी तरीके से फडणवीस ने रश्मि शुक्ला को बनाया डीजीपी : राउत

मुंबई (एजेंसी)। राज्यसभा सांसद एवं शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र चुनाव से पहले पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला के हटाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। शिवसेना यूबीटी गुट के नेता राउत ने कहा कि रश्मि को डीजीपी बनाना एक गंभीर अपराध है। राऊत ने आरोप लगाया कि पूर्व गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रश्मि को गैरकानूनी तरीके से नियुक्त किया था, जबकि रश्मि निलंबित थीं और अपने पद पर रहते हुए भाजपा के विरोधियों के फोन टैप कर रही थीं।

राउत ने कहा कि रश्मि शुक्ला ने चुनावी प्रक्रिया में दखल देकर विधायक चुने जाने के बाद कई नेताओं को धमकाया और डराया था। उनका निलंबन होने वाला था और वे जेल जाने की स्थिति में थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता परिवर्तन के बाद फडणवीस ने रश्मि के खिलाफ सभी मामलों को हटाने के बाद उन्हें पुलिस महासंचालक बना दिया। राउत ने कहा कि भाजपा ने इस स्थिति का फायदा उठाया और पुलिस महासंचालक के कार्यालय को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। राउत ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाकर कहा कि उन्होंने बार-बार चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि रश्मि को हटाया जाए। उन्होंने कहा, अगर उनका तबादला नहीं किया गया, तब चुनाव आयोग की थोड़ी बहुत इज्जत भी चली जाएगी। यही कारण है कि उनका

तबादला किया गया।

इसके अलावा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे को लेकर राउत ने कहा कि महाराष्ट्र बहुत बड़ा है और यहां 288 विधानसभा सीटें हैं। शिवसेना के उम्मीदवारों के जीतने की संभावना पर राउत ने भाजपा के इस दावे का जवाब दिया कि शिवसेना किसी की निजी प्रॉपर्टी नहीं है। उन्होंने कहा, यह शिंदे की प्रॉपर्टी नहीं है। यह अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी की प्रॉपर्टी नहीं थी। यह बालासाहब ठाकरे और शरद पवार की विरासत है, इस उद्धव ठाकरे को सौंपा गया था।

तांत्रिक ने तबाह किया परिवार: पत्नी व चार बच्चों की हत्या कर की खुदकुशी

-जघन्य हत्याकांड से इलाके में फैली सनसनी

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी में भेलूपुर के भदैनी इलाके में तांत्रिक के कहने पर शराब कारोबारी ने राजेंद्र गुप्ता ने अपने पूरे परिवार को खत्म कर खुदकुशी कर ली। राजेंद्र गुप्ता ने पत्नी नीतू गुप्ता (42), बेटा नवनेंद्र (20) और सुबेंद्र (15), बेटी गौरांगी (16) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस कारोबारी की तलाश कर ही रही थी कि उसकी भी लाश दूसरे घर के पास मिली। लाश बगल में पिस्टल भी मिला है। माना जा रहा है कि उसने आत्महत्या कर ली है। जघन्य हत्याकांड की जानकारी मिलते ही सनसनी फैल गई। पुलिस अब उस तांत्रिक की तलाश कर रही है जिसके कहने पर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। पड़ोसियों के अनुसार तांत्रिक ने कारोबारी से कहा था कि उसकी पत्नी कारोबार में बाधा है। इस कारण वह दूसरी शादी के चक्कर में भी पड़ा था। अक्सर इसे लेकर पति-पत्नी में झगड़ा होता था। घर में कारोबारी की मां भी थी लेकिन काफी बुजुर्ग होने के चलते वह ठीक से न तो बोल पा रहीं और न चल-फिर पाती हैं। अब वह ही अकेली बची हैं।

घर में पहले भी हो चुकी थी पांच हत्याएं

बताया जाता है कि इस घर में इससे पहले भी पांच हत्याएं हो चुकी हैं। पिता, दो गार्ड, भाई और उसकी पत्नी की भी हत्या हुई थी। पड़ोसियों की मानें तो हत्या में कारोबारी जेल भी गया था। जघन्य वारदात का पता मंगलवार की दोपहर तब लगा जब नौकरानी रेनू वर्मा घर पर काम करने के लिए आई। नौकरानी ने बताया कि मैं यहां 5 साल से काम कर रही हूं। सबकुछ अच्छा चल रहा था। सोमवार शाम को मैं खाने बनाने आई तो घर में सिर्फ दो बच्चे थे। मैं खाना बनाकर करीब 6.30 बजे चली गई। इसके बाद सबेरे सबसे पहले सफाई करने वाली रीता पहुंची। उसने आवाज दी, लेकिन किसी का जवाब नहीं मिलने पर उसने दरवाजा खटखटाया। हल्के से धक्के में दरवाजा खुल गया। देखा तो कमरे में चारों लोगों की लाश पड़ी है। आसपास खून बिखरा था। यह देखते ही रीता बेहोश हो गई। तत्काल पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है कि मारा गया बड़ा बेटा नवनेंद्र बेंगलुरु में मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर था। वह दिवाली पर छुट्टी लेकर घर आया था। घर पर छठ मनाने की तैयारियां चल रही थीं। छोटा बेटा और बेटी डीपीएस में पढ़ते थे।

पैसों की नहीं थी कोई कमी

कारोबारी राजेंद्र गुप्ता को पैसे की कोई कमी नहीं थी। उसके पास शहर में कुल चार घर हैं। दो घर तो 50-50 कमरों के हैं। जिस घर में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है उसमें 20 कमरे का किराया 80 हजार रुपए आता था। 30 कमरों का रेंट दो लाख से ज्यादा था। इसके अलावा भदैनी में ही दूसरे घर से भी करीब दो लाख से ज्यादा रेंट मिलता था।

जिस जमीन से लोग ताजमहल के दीदार करते हैं उस पर किसान ने दावा ठोका

आगरा (एजेंसी)। आगरा में ताजमहल के निकट स्थित ग्यारह सीढ़ी पार्क को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। कछपुरा के निवासी किसान मुन्ना लाल ने दावा किया है कि इस पार्क में उनकी पुश्तैनी जमीन का एक हिस्सा है, जिस पर उन्होंने 40 वर्षों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अधिकार प्राप्त किया है। उनका कहना है कि यह जमीन उनके पूर्वजों द्वारा उपयोग की जाती थी और इसके लिए उनके पास सभी कानूनी दस्तावेज भी मौजूद हैं। मुन्ना लाल के अनुसार, उनकी जमीन पर पहले उनके पिता और चाचा खेती करते थे। लेकिन 1976 में भूमि सीलिंग के कारण यह जमीन उनके हाथ से निकल गई। इसके बावजूद, उन्होंने न्यायालय में अपने स्वामित्व का दावा किया और 1998 और 2020 में जारी दस्तावेजों में भूमि का ट्रांसफर उनके पक्ष में दर्ज किया गया है। हाल ही में, मुन्ना लाल ने पार्क के अंदर छह बीघा जमीन

जोत दी है और इसे चारों ओर तार से घेरकर आम जनता की एंट्री पर बैन लगा दिया है।

आगरा की मंडलायुक्त ऋतु महेश्वरी ने बताया कि यह भूमि आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) के अधिकार क्षेत्र में आती है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। एडीए का उद्देश्य इस पार्क को एक आकर्षक मनोरंजन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करना है, जिसमें ताज महोत्सव जैसे आयोजन भी शामिल हैं। ग्यारह सीढ़ी पार्क, जो पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय स्थल है, खासकर सूर्यास्त के समय ताजमहल का दृश्य देखने के लिए, अब विवादों में घिर गया है। स्थानीय पर्यटक गाइड फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव शकील चौहान ने कहा कि इस नए विवाद ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर उस समय जब ताजमहल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। मुन्ना लाल ने अपनी कानूनी लड़ाई के दौरान कई बार स्थानीय अधिकारियों से संपर्क किया है और उनका दावा है कि उनके पास अदालत के आदेश और रेवेन्यू रिकॉर्ड में स्वामित्व की पुष्टि भी है। अब यह देखना होगा कि स्थानीय प्रशासन और न्यायालय इस विवाद का समाधान कैसे निकालते हैं और पर्यटकों के लिए पार्क की स्थिति पर इसका क्या असर पड़ेगा।

जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने किया ई.वी.एम. मशीनों की कमीशिनिंग के कार्य का निरीक्षण

संस्कार उजाला

गाजियाबाद। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रणविजय सिंह एवं सिटी मजिस्ट्रेट/रिटर्निंग ऑफिसर डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय की उपस्थिति में ई.वी.एम. एवं वी.वी.पेट वेयर हाउस, कलेक्ट्रेट परिसर, गाजियाबाद में ई.वी.एम. मशनी की कमीशिनिंग के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मशीनों के कमीशिनिंग कार्य की गुणवत्ता एवं सूक्ष्मता से जांच कराई गयी, उन्होने कुछ मशीनों की कमीशिनिंग प्रक्रिया को अपने सम्मुख पूर्ण कराया और सभी निर्वाचन कार्मिकों एवं जांचकर्ता अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर ई.वी.एम. मशीन की सूक्ष्मता से जांच करने के उपरान्त जब पूर्णतय निश्चिंत हो जांए कि मशीन शत-प्रतिशत ठीक है तभी उसे मतदान दिवस हेतु स्वीकृत किया जाएं। उन्होने सभी निर्वाचन कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण जानकारी के साथ सावधानी से मशीनों की जांच करें। उन्होने कहा कि मतदान के दौरान कोई भी खराब नहीं मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार श्री रवि, एसीओ श्री विवेक सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

गाजियाबाद की सड़कों पर गूंज उठी आजाद समाज पार्टी की आवाज

चंद्रशेखर आजाद और सत्यपाल चौधरी के समर्थन में विशाल रोड शो और नुक्कड़ सभा

संस्कार उजाला

गाजियाबाद। जनता में आज एक अलग ही जोश देखने को मिला जब आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गाज़ियाबाद विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी के समर्थन में एक जबरदस्त रोड शो और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। नुक्कड़ सभा में गरजते हुए चंद्रशेखर आजाद ने मौजूदा सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा,यह सरकार हमारे बच्चों की शिक्षा और हमारे बुजुर्गों के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकार नोटों के बल पर वोट खरीदना चाहती है, लेकिन यह मत भूलिए कि आप जागरूक हैं और आपको अपने भविष्य का फैसला खुद करना है। यह चुनाव केवल वोट डालने का नहीं, बल्कि अपने अधिकारों को सुरक्षित करने का है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर गाज़ियाबाद जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रख रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में न तो अच्छे स्कूल हैं, न अस्पताल, और न ही कॉलेज - और ये सब इसलिए है क्योंकि सरकार आपको इंसान नहीं मानती। उन्होंने जनता को आगाह किया कि इस बार वोट को अपने हथियार के रूप में पहचानें और इसका सोच-समझकर इस्तेमाल करें।

पार्टी के प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी ने भी जनता को अपने उत्साहपूर्ण अंदाज में संबोधित किया। उन्होंने कहा, आपके क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधाएं क्यों नहीं हैं? यह सरकार आपको और आपकी जरूरतों को नजरअंदाज करती आई है। लेकिन अब समय आ गया है कि हम एकजुट हों और इस व्यवस्था को बदलें। वोट आपकी ताकत है, इसे समझें और सही दिशा में इसका प्रयोग करें।

सत्यपाल चौधरी ने जनता को यह भी भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें विधानसभा भेजा गया तो वे हर वह कदम उठाएंगे जिससे गाज़ियाबाद के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा हो। आजाद समाज पार्टी ने मुझे इसलिए चुना है ताकि मैं आपकी आवाज बन सकूं और आपकी समस्याओं का हल निकाल सकूं। अब फैसला आपके हाथ में है, उन्होंने कहा सभा में भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने पार्टी के प्रति अपना समर्थन जताया और एक मजबूत बदलाव का संकल्प लिया।

जनता का उत्साह और जोश देखने लायक था, मानो पूरा गाज़ियाबाद एक सुर में कह रहा हो कि इस बार बदलाव निश्चित है। लोगों ने चंद्रशेखर आजाद और सत्यपाल चौधरी के समर्थन में नारे लगाए, और यह संदेश दिया कि गाजियाबाद विधानसभा में एक नई दिशा की ओर बढ़ने का समय आ गया है। सभा के अंत में, आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अपने संकल्प को दोहराया कि वे गाजियाबाद विधानसभा में एक नया इतिहास रचने के लिए दृढ़ निश्चय कर चुके हैं। जनता की यह एकजुटता और जागरूकता बताती है कि इस बार बदलाव की आंधी को रोक पाना मुश्किल होगा। यह रोड शो और नुक्कड़ सभा एक ऐतिहासिक अवसर बन गई जहां गाज़ियाबाद की जनता ने बदलाव की दिशा में पहला कदम बढ़ाया।

मुख्य रूप से कपिल आजाद, कमल, गुलजार, मनोज जाटव, जीतेन्द्र सिद्धार्थ, संजीव कुमार, पुष्पेंद्र, वीर सिंह, भीम सिंह, दानिश,करन, गुल्लू, सरजीत, विनय बौद्ध, धर्मवीर, रघु,अफजल सैफी, राहुल, अरुण,आदि लोग शामिल हुये।

अखिलेश यादव बोले अंग्रेजों की तरह भाजपा फूट डालो राज करो की नीति पर कर रही राजनीति।

गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अंग्रेजो की फूट डालो राज करो की नीति पर काम कर रही है। जो पहले सबका साथ सबका विकास का नारा देते थे, आज वह हार के डर से बंटोगे तो कटोगे का नारा देकर डराने की राजनीति कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा जुड़ेंगे तो जीतेंगे का नारा देकर संविधान और सर्वसमाज के हितों की रक्षा के लिए मैदान में है। वह मंगलवार को गोविंदपुरम स्थित इंपीरियल गार्डन में गाजियाबाद विधानसभा सीट से आईएनडीआईए गठबंधन प्रत्याशी सिंह राज जाटव के पक्ष में पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद को दिल्ली से बेहतर बनाने के लिए सपा सरकार में बड़े विकास कार्य किए। इसमें मेट्रो ट्रेन, एलीवेटेड रोड, हज हाउस के अलावा अपराध पर लगाम कसने के लिए डायल 100, एंबुलेंस आदि।वहीं, भाजपा ने सिर्फ फीता काटकर सपा के कार्यों को अपने नाम से चमकाने का काम किया है। प्रदेश में गुंडाराज है यहां कोर्ट रूम में वकीलों पर पुलिस की लाठी चल रही हैं। सपा ने ई-रिक्शा को बांटने का काम किया और भाजपा गरीब लोगों की रोजी रोटी ई-रिक्शा का संचालन बंद करा रही है। उन्होंने कहा कि फर्जी एनकाउंट को छिपाने के लिए एक और फर्जी एनकाउंटर को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने पुलिस को चेताते हुए कहा कि पूर्व डीजीपी की बात को ध्यान से सुनकर उस पर अमल करें कि जब पुलिस वाले फंसेंगे तो बचाने के लिए कोई सामने नहीं आएगा। भाजपा हार के डर से चुनावी तारीख बदलवा रही है। लोग बड़ी संख्या में अपने घरों पर त्योहार मनाने आए हैं। अखिलेश ने कहा कि वोट अपने पक्ष में न जाता देख भाजपा डर रही है और नकारात्मक राजनीति कर रही है, यह ड़र हार का प्रतीक है। उन्होंने सपा व कांग्रेस पदाधिकारियों व कायकताओं से एक-एक बूथ को जीतने का आह्वान किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विधायक आशु मलिक, अतुल प्रधान, कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव, प्रवक्ता डाली शर्मा, अब्बास हैदर, पूर्व विधायक अरशद खान आदि उपस्थित रहे।

गाज़ियाबाद कन्या वैदिक विधालय इण्टर कालिज मे 5 नवम्बर को विधालय का 98 वाँ स्थापना दिवस बनाया गया।

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

कन्या वैदिक विधालय का अपना गौरवमयी इतिहास रहा है । माननीय चौधरी चरण सिंह जी विधालय की प्रबन्ध कमेटी के सम्मानित सदस्य रहें हैं । महान क्रांतिकारी दुर्गा भाभी ने विधालय में शिक्षिका के पद को सुशोभित किया है । आज विधालय शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है । विधालय मे हिन्दी माध्यम के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम से भी शिक्षा प्रदान की जा रही है । वार्षिक उत्सव का शुभारम्भ सरस्वती बन्दना के साथ उनकी प्रतिमा के सम्मुख विधालय प्रबन्धक शरद गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । रोटेरियन राम अवतार जिन्दल द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया । विधालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक डांस किया गया । देश प्रेम से ओतप्रोत गीतों

और समाजिक संदेश देते हुए छात्राओं की प्रस्तुति प्रंशनीय रही ।विधालय की छात्राओं द्वारा विज्ञान, गृहविज्ञान व कला विषयों के माडल बनाकर प्रस्तुत किये गये ।प्रधानाचार्य महिमा कटियार ने सबका अभार व्यक्त किया । विधालय की सभी शिक्षकाओ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया । शिक्षिका रेनू शर्मा व चेतना शर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया ।

समाज सेवी रोटेरियन अनिल गर्ग द्वारा सारे कार्यक्रम की व्यवस्था बनाई गयी । कार्यक्रम में विशेष रूप से रोटरी क्लब आफ गाज़ियाबाद विकास से रो० विनीत माहेश्वरी, कैलाश गोयल, नीरज गुप्ता, कैलाश मंगला, अशोक अग्रवाल, सतीश अग्रवाल , योगेश गर्ग,के.पी. गुप्ता व संजीव गर्ग आदि ने भाग लिया ।

व्यय निरीक्षण की तिथियों में संसोधन, 08-11-2024 को द्वितीय व 17-11-2024 को होगी तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक

संस्कार उजाला

गाजियाबाद भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के द्वारा मतदान की तिथि दिनांक 13-11-2024 से 20-11-2024 संशोधित की गयी है। अतः मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ० प्र० लखनऊ के पत्र जो दिनांक 28-10-2024 एवं विधान सभा सामान्य उपनिर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशो का सार संग्रह के अनुसलग्नक-ग 15 के अनुपालन में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियो का व्यय लेखा, माननीय व्यय प्रेक्षक, महोदय के अनुसार निरीक्षण की तिथि में

संसोधन करते हुए द्वितीय व्यय निरीक्षण दिनांक 08-11-2024 व तृतीय व्यय निरीक्षण 17-11-2024 को पूर्वाहन 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक किया जायेगा। अतः समस्त अभ्यर्थी जो विधान सभा सामान्य उपनिर्वाचन के निर्वाचन प्रत्याशी है उपरोक्त तिथियो में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथिसमय पर विकास भवन के रानी दुर्गावती देवी सभागार में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, नगद पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेन्ट की छाया प्रतियां तीन सेट में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि को एक दिन पूर्व तक का लेखा प्रस्तुत करना होगा। अतः निर्धारित तिथियो में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थियो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उनके जनसभा तथा वाहन की परमिशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने सम्बन्धी कार्यवाही की जा सकती है। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि० एवं रा०) प्रभारी नि० व्यय अनुवीक्षण अधिकारी वि०स०सा०उपनि०-2024 गाजियाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गयी

विजयनगर में भाजपा-आरएलडी की समन्वय बैठक, संजीव शर्मा की जीत को ऐतिहासिक बनाने का लिया संकल्प

संस्कार उजाला

गाजियाबाद (आशा चौधरी)

विजयनगर उत्सव भवन में भाजपा और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य शहर विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी संजीव शर्मा की जीत को ऐतिहासिक बनाना था। राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी ने संजीव शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सभी कार्यकताओं से अपील की। बैठक में आशु वर्मा ने चुनावी रणनीतियों की चर्चा करते हुए प्रत्येक बूथ पर भाजपा और आरएलडी कार्यकताओं के लिए साझा दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान, सभी कार्यकताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, ₹यह चुनाव हमारे लिए केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा का संकल्प है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि हर बूथ पर हमारा संदेश पहुंचे और मतदाताओं का विश्वास जीता जाए। आरएलडी महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने भी अपने विचार साझा किए और दोनों दलों के कार्यकताओं को एकजुट होकर

काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ₹हमारा गठबंधन जनहित के मुद्दों पर आधारित है, और हम मिलकर इस चुनाव को ऐतिहासिक बनाएंगे। बैठक में कार्यकताओं को अपने-अपने बूथों पर अधिक सक्रियता दिखाने, जनता के साथ संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर रहने का निर्देश अलग अलग वक्ताओं द्वारा दिया गया। यह बैठक आगामी चुनाव के लिए भाजपा और आरएलडी के संयुक्त प्रयासों को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव आरएलडी त्रिलोक त्यागी महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू, रविन्द्र बालियान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय कार्यकरिणी सदस्य,प्रदेश रविंद्र चौहान प्रदेश महा सचिव ऑडी त्यागी, भूपेंद्र बॉबी चौधरी, विजय कौशिक, रामकुमार पंवार, प्रदेश प्रवक्ता सामंत शेखरी, लोकेश चौधरी क्षेत्रीय सचिव, अभिषेक त्यागी युवा राष्ट्रीय महासचिव, शेर सिंह मौर्य,भाजपा से पार्षद राजीव शर्मा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ,पूर्व पार्षद सुनील यादव, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक बलप्रीत सिंह विजयनगर क्षेत्र के पार्षद देव नारायण शर्मा, कन्हैया लाल, रालोद से सुनील शर्मा, हरेंद्र चौधरी, दीपक नागर, अमित चौधरी, नीरज कुमार, अशोक चलेरिया, सुमन दीपमाला, पूनम, पूजा सिंह, पुष्पा पाण्डेय, सीमा, करुणा, अलका, केदार, दिनेश शर्मा, संजीव, मुकेश, आशुतोष शर्मा, करण शर्मा, सोनू भाटी आदि सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मेयर एवं चुनाव संयोजक आशु वर्मा ने की। संचालन रालोद महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने किया ।

श्री रामेश्वरम मंदिर में संजीव गुप्ता, राजीव गुप्ता ने परिवार सहित किये दर्शन

संस्कार उजाला

गाजियाबाद सोमवार को पवित्र कार्तिक मास में माँ वैष्णो धाम सपनावत के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने अपने भाई राजीव और धर्मपत्नी रश्मि एवं सीमा गुप्ता के साथ चार धामों में शामिल श्री रामेश्वरम तीर्थ स्थल पर पहुचकर भगवान शिव के दर्शन करते हुए पूजा अर्चना की। संजीव गुप्ता ने प्रातःकाल में मंदिर परिसर में स्थित 22 कुंडों में स्नान भी किया। श्री रामेश्वरम भारत के तमिलनाडु राज्य के रामनाथपुरम जिले में स्थित हिन्दू धर्म के चार धामों में से एक है। इसके पूर्व गुप्ता परिवार ने मदुरई नगर स्थित मीनाक्षी मंदिर में माता पार्वती जी के स्वरूप के भी दर्शन किये। गुप्ता परिवार पिछले कई दिनों से अपनी धार्मिक यात्रा पर है। जिसकी शुरूआत उन्होंने गोवर्धन पूजा के दिन पवित्र मां गंगा जी में स्नान और पूजा अर्चना से करते हुए सपनावत में अपने स्वर्गीय माता पिता जी के द्वारा स्थापित माँ वैष्णो धाम में अन्नकूट और भंडारे प्रशाद के आयोजन से की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011